PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'समय और चरित्र जीवन की दो सबसे बड़ी पूंजी हैं। समय खो जाए तो लौट सकता है, लेकिन चरित्र खो जाए तो विश्वास कभी वापस नहीं आता।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-110 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 15 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## शुद्धता पर संकट – जब मुनाफ़े के आगे हारती जा रही इंसानियत

आधुनिक जीवन की तेज़ रफ्तार में हम सुविधा और उपभोग की ऐसी दुनिया में पहुँच चुके हैं, जहाँ हर वस्तु आसानी से उपलब्ध तो है, लेकिन उसकी शुद्धता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। कभी-कभी रोजमर्रा के छोटे-छोटे अनुभव भी हमें इस सच्चाई का एहसास कराते हैं। जैसे ट्रेन की बोगी में मिलने वाली गर्म चाय या बाजार में मिलने वाला ठंडा पैक्ड पानी। ये दोनों साधारण बातें हैं, लेकिन इनके माध्यम से एक बड़ा सवाल सामने आता है–क्या हम वास्तव में शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, या फिर केवल दिखावे और विश्वास के आधार पर जहर निगल रहे हैं? यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

आज बाजार में मिलने वाले अधिकांश खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर संदेह पैदा होने लगा है। दूध, पानी, मसाले, मिठाइयाँ और यहाँ तक कि फल-सब्जियाँ भी मिलावट के आरोपों से अछूती नहीं हैं। उपभोक्ता के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह हर वस्तु की शुद्धता की जाँच नहीं कर सकता। वह केवल विश्वास के आधार पर वस्तुओं को खरीदता और उपयोग करता है। लेकिन जब बार-बार मिलावट और नकली उत्पादों की खबरें सामने आती हैं, तो यह विश्वास धीरे-धीरे टूटने लगता है। एक समय था जब भोजन को केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार माना जाता था। भोजन की शुद्धता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता था। ग्रामीण समाज में तो यह एक प्रकार की नैतिक जिम्मेदारी मानी जाती थी कि जो भी खाद्य पदार्थ दूसरों को दिया जाए, वह शुद्ध और सुरक्षित हो। उस समय लोग दूध बेचने को भी एक तरह का नैतिक अपराध समझते थे। महिलाएँ कहा करती थीं कि दूध बेचना ऐसा है जैसे अपने बच्चे का हिस्सा बेचना। यह केवल एक कहावत नहीं थी, बल्कि उस समय के समाज की संवेदनशीलता और नैतिकता को दर्शाती थी।

लेकिन समय के साथ परिस्थितियाँ बदलती चली गईं। बाजारवाद और उपभोक्तावाद के बढ़ते प्रभाव ने जीवन के मूल्यों को भी प्रभावित किया है। आज कई लोगों के लिए व्यापार का मतलब केवल अधिक से अधिक लाभ कमाना रह गया है। दुर्भाग्य से कुछ लोग इस लाभ के लिए मिलावट और धोखाधड़ी का रास्ता भी अपनाने से नहीं हिचकते। दूध में केमिकल मिलाना, नकली घी बनाना, या पैक्ड पानी के नाम पर संदिग्ध गुणवत्ता का पानी बेचना–ये सब इसी मानसिकता के परिणाम हैं। इस स्थिति का सबसे खतरनाक प्रभाव आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। मिलावटी और अशुद्ध खाद्य पदार्थ धीरे-धीरे लोगों के शरीर को कमजोर कर रहे हैं। पहले जहाँ लोग प्राकृतिक भोजन और शुद्ध पानी के कारण अपेक्षाकृत स्वस्थ रहते थे, वहीं आज छोटी-छोटी बीमारियाँ भी आम हो गई हैं। लोग दवाइयों और अस्पतालों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे जीवन का बड़ा हिस्सा दवाइयों के सहारे ही चल रहा है। इसके पीछे केवल मिलावट ही जिम्मेदार नहीं है, बल्कि हमारी जीवनशैली और सोच में भी बदलाव आया है। पहले लोग भोजन को स्वास्थ्य का आधार मानते थे, जबकि आज कई लोग स्वाद और सुविधा को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैक्ड और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत भी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा रही है।

यह भी सच है कि समाज में अभी भी अनेक लोग ईमानदारी और नैतिकता के साथ अपना काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों की लालच भरी प्रवृत्ति पूरे व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा देती है। जब पैसे को ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बना लिया जाता है, तो इंसान अपने जमीर और नैतिकता से समझौता करने लगता है। 'सबसे बड़ा रुपैया' की मानसिकता धीरे-धीरे समाज में फैलती जा रही है। ऐसी स्थिति में यह आवश्यक हो जाता है कि समाज और सरकार दोनों इस समस्या को गंभीरता से लें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सख्त निगरानी, मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और उपभोक्ताओं में जागरूकता–ये तीनों कदम मिलकर ही इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। साथ ही हमें अपनी सोच में भी बदलाव लाना होगा। हमें यह समझना होगा कि शुद्ध भोजन और ईमानदार व्यापार केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है।

**अंततः** यह याद रखना जरूरी है कि भोजन केवल शरीर का ईंधन नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य और जीवन की नींव है। यदि इस नींव में ही मिलावट और धोखाधड़ी होगी, तो समाज का स्वास्थ्य भी कमजोर होता जाएगा। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम लालच के बजाय इंसानियत और नैतिकता को प्राथमिकता दें। क्योंकि जब व्यापार में ईमानदारी और भोजन में शुद्धता होगी, तभी समाज वास्तव में स्वस्थ और समृद्ध बन सकेगा।

# सीकर में पहली लोक अदालत में 9042 मामलों का निपटारा

## 20 करोड़ से ज्यादा राशि के हुए सैटलमेंट, जिले में 21 बैंच ने की सुनवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज

**सीकर ।** सीकर में शनिवार को इस साल की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का निपटारा किया गया। जिले में आयोजित लोक अदालत में कुल 9042 मामलों का समाधान हुआ, जिनमें आपसी राजीनामे के जरिए 20 करोड़ रुपए से ज्यादा के सैटलमेंट किए गए। इसके लिए जिलेभर में 21 बेंच गठित की गई, जिनमें न्यायिक अधिकारियों ने पक्षकारों की सहमति से मामलों का निस्तारण कराया। जिला व सेशन न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजेंद्र कुमार के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। सीकर मुख्यालय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अन्य जगहों पर ताल्लुका विधिक सेवा समिति ने लोक अदालतें लगाईं। सीकर मुख्यालय सहित रींगस, श्रीमाधोपुर, दांतारामगढ़, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर और नीमकाथाना के न्यायालयों में कुल 21 बेंचों ने सुनवाई की।

लोक अदालत में फौजदारी, दीवानी, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, राजस्व और उपभोक्ता मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। सीकर में अदालतों में वर्षों से पेंडिंग चल रहे 7942 मामले निपटाकर 11 करोड़ 57 लाख 53 हजार 419 रुपए के सैटलमेंट हुए। वहीं, अदालती कार्रवाई से पहले राजीनामे के तहत 8 करोड़ 47 लाख 09 हजार 818 रुपए के सैटलमेंट हुए। इससे पहले जिला जज राजेंद्र कुमार, MACT जज विनोद गिरी, ADJ वीरेंद्र मीणा, जज सत्यप्रकाश सोनी, DLSA सेक्रेटरी शालिनी गोयल, CJM विकास स्वामी सहित बार संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला जज राजेंद्र कुमार ने कहा कि लोक अदालत से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि आपसी सौहार्द भी बना रहता है।



### पक्षकारों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क लगाई

DLSA सेक्रेटरी शालिनी गोयल ने बताया कि पक्षकारों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क लगाई गई। इस दौरान सोभासरिया लॉ कॉलेज के स्टूडेंट्स लोक अदालत की कार्यप्रणाली समझने पहुंचे। प्री-लिटिगेशन बेंच पर अजमेर विद्युत वितरण निगम (AVVNL), SBI, PNB और BSNL जैसे संस्थानों के सैकड़ों पेंडिंग मामलों को आपसी समझाइश से खत्म किया गया। सेक्रेटरी गोयल? ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य पीड़ितों तक शीघ्र और सुलभ न्याय पहुंचाना है, जिसमें शनिवार को जिले के वकीलों, बैंक डेलीगेट्स और कोर्ट स्टाफ का अच्छा सहयोग रहा।

### सीकर में इन्होंने की सुनवाई

सीकर में जिला जज राजेंद्र कुमार, MACT विनोद कुमार गिरी, ADJ वीरेंद्र कुमार मीणा, ADJ सत्यप्रकाश सोनी, DLSA सेक्रेटरी शालिनी गोयल, CJM विकास कुमार स्वामी, ACJM जयराम जाट, जज शिखा शर्मा, जज रीतिका चौहान, जज आस्था अग्रवाल, जज रमेश कुमार कराडिया ने लोक अदालत में सुनवाई की।

# राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सुनीं लोगों की समस्याएं

## केंद्र व हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश



भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शनिवार को अपने फार्म हाउस पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरों से आए नागरिकों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याओं, सुझावों और जनहित से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना। सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुने और उनके समाधान के लिए प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करे। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर सांसद ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से गरीब, किसान, महिलाओं और जरूरतमंद वर्गों को सीधा लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से देश के विकास को नई गति मिली है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार भी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अनेक विकासात्मक योजनाएं और नीतियां लागू कर रही है। राज्य सरकार किसानों, युवाओं, महिलाओं और जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। सांसद ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अन्य लोगों को भी इनके प्रति जागरूक करें, ताकि समाज के हर वर्ग तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंच सकें।

# चिड़ावा: निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के पहले दिन उमड़ा जनसैलाब, विशेषज्ञों ने दीं सेवाएँ

## मुख्य अतिथि राजेश दहिया ने फीता काटकर किया शिविर का शुभारंभ; 15 मार्च को भी जारी रहेगा परामर्श



भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

कस्बे के मंडेला मोड़ स्थित विशाल साइकिल स्टोर के पास शनिवार को 'दो दिवसीय जन सेवा स्वास्थ्य शिविर-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश दहिया ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजकों ने अतिथियों का माला पहनाकर, श्रीफल भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबूलाल वर्मा, डॉ. संत कुमार, अनीता पुनिया, राजेन्द्र कोच, अनिल गुप्ता और संदीप जोशी उपस्थित रहे। अतिथियों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और ऐसे शिविरों से आमजन को घर के पास ही विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिलती है। शिविर के पहले दिन बड़ी संख्या में मरीज जांच और परामर्श के लिए पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह और उपचार दिया। चिकित्सा दल में डॉ. राकेश सैनी (फिजियोथेरेपिस्ट), डॉ. अनुराग पारीक (अग्निकर्म विशेषज्ञ), डॉ. राहुल फोगाट (होम्योपैथी विशेषज्ञ) और डॉ. सुरेन्द्र कुमार (दंत रोग विशेषज्ञ) ने सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में विशेष रूप से अस्थमा, पथरी, चर्म रोग, एलर्जी, जोड़ों व कमर दर्द, सर्वाइकल, फ्रोजन शोल्डर, साइटिका, एड़ी-घुटनों के दर्द तथा दांतों से जुड़ी समस्याओं का परीक्षण कर मरीजों को परामर्श दिया गया। आयोजक आशीष गिरधर के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में नरेंद्र गिरधर, मोहित तामडायत, राजेश वर्मा, आशु स्वामी, विकास पुनिया, मयूर सैनी, राजेन्द्र रोहिला, सुनील जरीवाला, विजय गुरावा, कपिल कोठारी, मनजीत चौधरी, बबीता टेलर, सत्यवीर गिरधर, सुभाष, संदीप, महेश, मंगेश भगत, विनोद, रश्मि गिरधर, योगिता, शकुंतला, निशा, रिया, नेहल, संतोष सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।आयोजकों ने बताया कि यह शिविर रविवार 15 मार्च को भी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगा। क्षेत्रवासी मंडेला मोड़ स्थित विशाल साइकिल स्टोर के पास पहुंचकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

### सलीमपुर में अटेली मंडल स्तरीय महा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# भाजपा सरकार देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध-जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।



**मनोज बुलाण ।** भारतीय जनता पार्टी के अटेली मंडल का मंडल स्तरीय महा प्रशिक्षण कार्यक्रम हिंदुस्तान स्कूल सलीमपुर सलीमपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में मुख्य रूप से स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निजी सचिव विकास यादव, अटेली नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, मार्केट कमेटी अटेली के चैयरमैन दिनेश जेलदार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव प्रशिक्षण शिविर में अनुपस्थित रहें। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य केंद्र से निर्देशित विषयों और योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना रहा। यह प्रशिक्षण शिविर सात सत्रों में संचालित किया गया। प्रशिक्षण अभियान का नेतृत्व कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जो कार्यकर्ताओं को तराशने का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण अभियान को पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ अपनाएं तथा राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें। जिला अध्यक्ष यतेंद राव ने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा,समर्पण और राष्ट्र हित की भावना से प्रेरित होकर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिए गए अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचार आज भी संगठन की कार्यप्रणाली का मूल आधार हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दो देशों के बीच युद्ध की स्थिति बनी हुई है लेकिन भाजपा सरकार देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह और प्रतिबद्धता ही संगठन को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है। इस मौके पर जिला प्रमुख राकेश कुमार,राजेंद्र लांबा, पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व सरपंच कुलदीप बौचडिया, जेपी सैनी, मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव, पूर्व चेयरमैन विकास यादव, कृष्ण बौचडिया, महामंत्री राजपाल, एडवोकेट सुरेश,मंडलाध्यक्ष मुकेश कुमार, प्राचार्य अनुप राता, जयप्रकाश बाछौद मंडल,कर्मबीर बिहाली, हिमांशु गोयल, अटेली मंडल के उपाध्यक्ष मंजीत यादव, वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, सुमन रामपुरा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# रोशन मीणा नागौर के नए पुलिस कप्तान, सोमवार को संभालेगें पदभार

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।



शुक्रवार देर रात को पुलिस महकमे में में बड़ा बदलाव करते हुये भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई। जिसमें नागौर जिले की कमान रोशन मीणा को सौपीं गई है,जो वर्तमान में जोधपुर आयुक्तालय में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम के पद पर तैनात थे। रोशन मीणा मूलतः जयपुर जिले के जमवारामगढ़ नटाटा के रहने वाले है। 2021 बैंच के युवा आईपीएस रोशन मीणा की नागौर मे बतौर एसपी पहली पोस्टिंग है। आईपीएस रोशन मीणा सीकर जिले के नीमकाथाना मे बतौर ट्रेनिं प्रशिक्षु आईपीएस भी रहे थे। सोमवार को नगौर जिले की कमान संभालेगें।



# एक्सपर्ट बता रहे हैं ऐसी एरोबिक एक्सरसाइज, जो फिटनेस और मेंटल हेल्थ दोनों के लिए हैं फायदेमंद

फिजिकल हेल्थ के साथ माइंड फिटनेस भी जरूरी है। यहां एक्सपर्ट बता रहे हैं कि माइंड फिटनेस में कौन-कौन से एरोबिक एक्सरसाइज मदद कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति संपूर्ण रूप से तभी स्वस्थ कहला सकता है, जब वह शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्तर पर भी स्वस्थ हो। मानसिक स्वास्थ्य वित्तीय धन से अधिक मूल्यवान है। यह हमें अधिक खुशहाल और जीवन जीने में सक्षम बनाता है। हम अपने जीवन का अधिक आनंद ले सकते हैं।कभी-कभी वर्कलोड और दूसरी समस्याओं के कारण हम चिडचिडे हो जाते हैं। हम तनाव और एंग्जाइटी अनुभव करने लगते हैं। क्या कुछ एक्सरसाइज हैं, जो तनाव और एंग्जाइटी को दूर कर सकते हैं? इसके लिए हमने बात की जिंदल नेचरक्योर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बबीना एनएम से।

**तनाव और एंग्जाइटी दूर भगाती हैं एरोबिक एक्सरसाइज**-डॉ. बबीना एनएम कहती हैं, 'जब विचारों, भावनाओं या व्यवहार में परिवर्तन आता है, तो व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है, जो आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन पर प्रभाव डाल सकता है। तनाव और एंग्जाइटी जैसी समस्याओं से बचाव के लिए कई एक्सरसाइज हैं। दिल के लिए फायदेमंद व्यायाम आपके दिमाग के लिए भी फायदेमंद होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सांस लेने के व्यायाम, योग आसन और एरोबिक वर्कआउट भी शामिल हैं।'

**एक्सरसाइज कैसे दिमाग की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को करती है कम**-डॉ. बबीना कहती हैं, 'कई शोध यह साबित कर चुके हैं कि व्यायाम हल्के से मध्यम अवसाद का इलाज एंटीडिप्रेसेंट दवाओं की तरह सफलतापूर्वक कर सकता है। तैरना, छलांग लगाना, चलना और साइकिल चलाना सभी एरोबिक वर्कआउट के उदाहरण हैं। एरोबिक व्यायाम दिमाग की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, ये वर्कआउट मूड, मेमोरी, इम्यून सिस्टम, कॉग्निटिव फंक्शन और फोकस को बेहतर बना सकते हैं। ये मस्तिष्क में मौजूदा नर्वस सिस्टम के कनेक्शन को बढ़ा सकते हैं।' *मानसिक स्वास्थ्य को कैसे फायदा पहुंचाता है एरोबिक व्यायाम 1. डॉ. बबीना कहती हैं, ' सबसे पहले एरोबिक व्यायाम से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है।*

*2. एरोबिक व्यायाम से फेफड़ों के माध्यम से शरीर, हृदय और मांसपेशियों में ऑक्सीजन और ब्लड फ्लो अधिक सुचारू रूप से हो पाता है।*

*3. यह ब्रेन में ब्लड फ्लो में भी मदद करता है। इससे स्मृति और निर्णय लेने की क्षमता बढती है और डिमेंशिया जैसे भयावह रोगों से भी बचाव करता है।*

*4. एरोबिक गतिविधि एंजाइम को उत्तेजित करती है। एलडीएल (कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन, जिसे खराब कोलेस्ट्रॉल के रूप में जाना जाता है) को ब्लड से लिवर में स्थानांतरित कर दिया देता है। मध्यम-तीव्रता वाले एरोबिक व्यायाम एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकते हैं।*

*5. एरोबिक गतिविधि शरीर की ग्लूकोज की आवश्यकता और इंसुलिन के प्रति ग्रहणशीलता को बढ़ाने में मदद कर सकती है। एरोबिक एक्टिविटी ब्लड शुगर लेवल को प्रबंधित करने में शरीर की सहायता कर सकती है।*


यहां हैं 5 एरोबिक्स व्यायाम, जो मेंटल हेल्थ को मजबूत करने में मदद करते हैं

1. **एरोबिक डांस** -एरोबिक डांस सुखद अनुभव देता है। यह समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। आप हिप-हॉप नृत्य भी आज़मा सकती हैं। इससे हृदय संबंधी लाभ भी मिलते हैं। यह मज़ेदार भी हो सकता है।
2. **साइकिल चलाना** -साइक्लिंग बढ़िया एरोबिक गतिविधियों में से एक है। यह पीठ, कूल्हों, घुटनों या टखनों पर कोई यांत्रिक तनाव पैदा नहीं करता है। इससे दिमाग तनाव मुक्त होता है।इससे हार्ट हेल्थ भी मजबूत होता है।
3. **रनिंग**-यह बुनियादी एरोबिक व्यायामों में से एक है। यह कैलोरी बर्न करने का शानदार तरीका है। सबसे अच्छी बात यह है कि जब आप दौड़ती हैं, तो प्रकृति की सुंदरता का अनुभव होता है। आप ताजी हवा में सांस ले पाती हैं।
4. **ट्रेडमिल** =ट्रेडमिल का उपयोग करने से स्पष्ट रूप से लाभ मिलता है। यह इलेक्ट्रॉनिक कंसोल पर निरंतर प्रतिक्रिया प्रदान करता है। इसमें समय, गति, दूरी और यहां तक कि हृदय गति जैसी सूचनाएं भी लगातार देता रहता है।
5. **तैरना** -तैरना सबसे बढ़िया कार्डियो गतिविधि हो सकती है। दिमाग को फिट रखने में भी तैरना मदद करता है।यह आनंददायक और आकर्षक है, क्योंकि यह शरीर के जोड़ों पर कम तनाव या दबाव डालता है। लैप्स अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने का शानदार तरीका है। यह गर्मी को मात देने का भी सबसे प्रभावी तरीका हो सकता है।

क्या आपको सुबह अपने पार्टनर से पहले उठने में खराब महसूस होता है? कि आखिर क्यों आप ही को सबसे पहले उठना पड़ता है? तो खुश हो जाइए, क्योंकि शोध आपकी नींद के साथ खड़े हैं।जहां बच्चे सुबह उठने का नाम नहीं लेते, वो वहीं बुजुर्ग नींद न आने की समस्या से हर वक्त परेशान नज़र आते हैं। जब देखो, तब हर छोटी आहट भी उन्हें बड़ा शोर नज़र आती है और झट से उठ जाते है। नींद आना यां न आना आपके बस में नहीं है। हां कुछ आदतों को सुधारा जाए तो नींद नियमित भी हो सकती है। मगर नींद न आने के पीछे उम्र भी एक बहुत बड़ा कारण है। तो आइए समझते हैं इस पाठशाला में सुलझाते हैं नींद से जुड़ी कुछ क्वेरीज़ और जानेंगे कि बच्चे इतना ज्यादा क्यों सोते हैं।



# अगर नॉर्मल स्क्वॉट्स से बोर हो गए हैं तो ट्राई करें ये लोअर बॉडी एक्सरसाइज



टोंड लेग्स पाना हर महिला का सपना है। लेकिन लोअर बॉडी वर्कआउट अक्सर मुश्किल होते हैं। इसलिए अगर नॉर्मल स्क्वॉट्स से मन भर गया है, तो इन प्रभावी एक्सरसाइज को ट्राई करें। अगर आप फिट और स्वस्थ रहने के साथ लंबा, अधिक लचीला और आनंददायक जीवन जीना चाहते हैं, तो आपको अपने निचले शरीर को मजबूत रखना होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि आपके शरीर में मांसपेशियों का 75% आपकी कमर के नीचे है। आप अपने दो पैरों की सहायता से अधिकांश कार्य और खेलना-कूदना करते हैं। आपके शरीर के ऊपरी हिस्से को हिलाने के लिए लोअर बॉडी की जरूरत होती है।



**जानिए क्यों जरूरी है निचले शरीर की मजबूती**

अपने निचले शरीर को मजबूत और फिट रखने से आपको कई लाभ हो सकते हैं। इनमें शामिल है

**1. बेहतर ब्लड सर्कुलेशन और हृदय स्वास्थ्य** -लोअर बॉडी की मांसपेशियों को सक्रिय रखना ब्लड सर्कुलेशन के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा आपकी लोअर बॉडी कार्डियो के माध्यम से कार्डियोवैस्कुलरस्वास्थ्य और फिटनेस को उत्तेजित करने और बनाने के लिए और भी महत्वपूर्ण है।

**2. हड्डियों के स्वास्थ्य में सुधार**-व्यायाम हड्डियों के स्वास्थ्य का समर्थन कर सकता है और पैरों और कूल्हों की बड़ी हड्डियों को मजबूत रख सकता है। उम्र के साथ आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए की बोन डेंसिटी बनाए रखने के लिए लोअर बॉडी वर्कआउट जरूरी है। यह ऑस्टियोपोरोसिस को दूर करने में मदद कर सकता है। एक ऐसी स्थिति जिसके कारण हड्डियां पतली हो जाती हैं और उम्र के साथ भंगुर हो जाती हैं।

**3. वेट लॉस में मददगार**-लोअर बॉडी वर्कआउट करने से शरीर में छोटी मांसपेशियों की तुलना में अधिक कैलोरी जलती है। यह वजन घटाने के लिए सबसे अच्छा तरीका हो सकता है।

**4. मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद** -मानसिक स्वास्थ्य भी समग्र कल्याण का हिस्सा है। जब आप अच्छी तरह से आगे बढ़ने में सक्षम नहीं होते हैं, तो आपको मानसिक तनाव हो सकता है। यदि आप उन गतिविधियों का हिस्सा नहीं होते हैं, जिन्हें आप ताकत या संतुलन की कमी के कारण नहीं कर पाते, तो यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

**लोअर बॉडी को मजबूत बनाने के लिए नॉर्मल स्क्वॉट्स को करें इस ट्विस्ट के साथ** -

तो लेडीज, अपने फिटनेस रूटीन में लेग

यदि आप लेग डे पर चीजों को रोमांचक बनाना चाह रहे हैं, तो आप अपनी दिनचर्या में लेटरल लेग लिफ्ट्स के साथ कुछ स्क्वॉट्स जोड़ने पर विचार कर सकते हैं। यह कॉम्बो बिना किसी इक्विपमेंट के स्क्वॉट और लेटरल लेग लिफ्ट के सभी लाभों को जोड़ता है। इसलिए जानिए स्क्वॉट्स और लेटरल लेग लिफ्ट के कॉम्बो को करने का सही तरीका।

**ये है करने का सही तरीका**-खड़े होकर अपने कूल्हों को पीछे की तरफ रखें और अपने हाथों को अपनी छाती के सामने एक साथ लाते हुए एक स्क्वॉट में नीचे करें। अपनी छाती और कोर को टाइट रखें। अब ग्लूट्स को टाइट रखते हुए, वापस ऊपर आएं।अपने हाथों को चौड़ा करते हुए अपने दाहिने पैर को तुरंत उठाएं।स्क्वॉट्स में वापस बैठें और हर बार पैरों की बारी-बारी से मूवमेंट दोहराएं।

**बेहतर एक्सरसाइज करने के लिए इन टिप्स का ध्यान रखें** -अपने स्क्वॉट्स में स्थिरता लाने के लिए, अपना वजन वापस अपनी एड़ी पर रखें, कोर शामिल करें, और एक तटस्थ रीढ़ बनाए रखने की कोशिश करें। टखने के वजन या डम्बल के साथ अधिक वजन जोड़कर इस एक्सरसाइज को थोड़ा और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।यदि आपको यह मुश्किल लग रहा है, तो आप स्क्वॉट्स और लेटरल लेग लिफ्ट को अलग-अलग अभ्यास कर सकते हैं। जब तक कि आप उन्हें संयोजित करने में सक्षम न हों, तब तक इसे जारी रखें। इसके अतिरिक्त, यदि आवश्यक हो, तो संतुलन के लिए कुर्सी पर पकड़ते हुए आप लेग लिफ्ट्स करने का प्रयास कर सकते हैं।

**क्या है इस विशेष एक्सरसाइज के फायदे ?**

लेटरल लेग लिफ्ट्स के साथ स्क्वॉट्स बहुत सारे लाभ प्रदान करते हैं। खासकर जब आपके निचले शरीर को मजबूत करने की बात आती है तो यह बहुत प्रभावी है। बेशक, कोई भी स्क्वॉट आपके ग्लूट्स और क्वाड्स पर काम करने वाला है। लेकिन लेटरल लेग लिफ्ट्स विशेष रूप से आपके ग्लूटस मेडियस मसल को लक्षित करता है। यह मांसपेशी हिप्स की गतिशीलता और समग्र स्थिरता में एक बड़ी भूमिका निभाती है।यदि आप दिन में बहुत अधिक बैठकर काम करते हैं, तो इसे मजबूत करना कभी भी जरूरी है। आपके निचले शरीर को एक ठोस कसरत देने के अलावा, इसमें थोड़ी संतुलन की भी आवश्यकता होती है। इसलिए यह स्थिरता में सुधार करने में भी मदद कर सकता है।


# अगर कैंसर के लक्षणों के बीच आप कन्फ्यूज़्ड हैं तो विशेषज्ञ बता रहें हैं इनमें अंतर

कैंसर के लक्षण बहुत आम होते है। अक्सर इसकी पहचान करना मुश्किल होता है और लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। इसलिए विशेषज्ञ बता रहें हैं विभिन्न कैंसरों के विशिष्ट कैंसर एक खौफनाक बीमारी है। आमतौर पर कैंसर का निदान भयंकर रूप लेने के बाद होता है। यह इनके लक्षणों पर ध्यान न देने के कारण है। रोजमर्रा के जीवन में आप छोटी तकलीफों को नजरअंदाज कर देते हैं और चिकित्सीय सहायता लेने से बचते हैं। लेकिन यही आम लक्षण लंबे समय में स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इसी विषय पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ दे रहे हैं अपनी राय।

**क्या है स्तन कैंसर के लक्षण ?** स्तन गांठ या उसके आकार में परिवर्तन इस कैंसर का सबसे आम लक्षण है। भले ही यह स्तन कैंसर का एक विशिष्ट लक्षण है, लेकिन सभी गांठ कैंसर नहीं होती । वे अक्सर द्रव से भरे सिस्ट या गैर-कैंसर वाले ट्यूमर हो सकते हैं। फिर भी, अगर आपको अपने स्तनों में कोई नई गांठ या अचानक गांठ के आकार में वृद्धि दिखाई देती है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। इसके अलावा कुछ अन्य लक्षणों का जांच करवाना भी जरूरी है।

**इन लक्षणों की भी जांच करवाएं**-स्तन के ऊपर की त्वचा का लाल होना या पपड़ी बनना। स्तन में दर्द। निप्पल में बदलाव। बांह के नीचे यानी बगल में गांठ। निप्पल से रिसता तरल पदार्थ तो नहीं है। मासिक धर्म के बीच या रजोनिवृत्ति के बाद रक्तस्राव।

**ये लक्षण हो सकते हैं सर्वाइकल कैंसर का संकेत** -महिलाओं के प्रजनन के सक्रिय वर्षों में योनि से रक्तस्राव आमतौर पर पीरियड के दौरान होता है। लेकिन जब यह रजोनिवृत्ति के बाद या पीरियड के बीच में होता है, तो सर्वाइकल या एंडोमेट्रियल कैंसर होने की संभावना हो सकती है।मासिक धर्म चक्र से लेकर रजोनिवृत्ति तक, महिला का शरीर बहुत कुछ से गुजरता हैं। इसलिए कभी-कभी अलग महसूस करना सामान्य है। लेकिन किसी भी नए लक्षण की जांच करवाना एक अच्छा विचार है। कुछ बदलाव कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। एंडोमेट्रियोसिस जैसी स्थितियों में धड़ में दर्द होना आम है। यह मासिक धर्म की ऐंठन भी हो सकती है। लेकिन पेट, पेल्विक या पीठ में



लंबे समय तक दर्द या दबाव कई तरह के कैंसर का संकेत हो सकता है। इसमें कोलोरेक्टल, ओवरियन और एंडोमेट्रियल कैंसर शामिल हैं। अगर आपके पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द पीठ तक फैल रहा है और साथ ही बिना कारण वजन घट रहा है, तो यह अग्नाशय के कैंसर का संकेत हो सकता है।मल त्याग में परिवर्तन बड़ी आंत के कैंसर का संकेत हो सकता है। यह मलाशय और बड़ी आंत को प्रभावित करता है। यह बवासीर, इरिटल बाउल सिंड्रोम , या सूजन आंत्र रोग जैसा हो सकता है। इसे कोलोनोस्कोपी से जांच किया जाता है। खासकर यदि 45 वर्ष से अधिक उम्र हैं या अल्सरेटिव कोलाइटिस जैसी समस्या हो सकती हैं।

**यूरिनरी ब्लैडर या किड्नी के कैंसर का लक्षण** -यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन या मूत्राशय की आदतों में बदलाव का एक सामान्य कारण है। लेकिन पेशाब की समस्या कभी-कभी कुछ अधिक गंभीर होने का संकेत होती है। पेशाब में खून आना यह मूत्र पथ के संक्रमण का संकेत दे सकता है, लेकिन यह यूरिनरी ब्लैडर या गुर्दे के कैंसर का लक्षण भी हो सकता है।

**अन्य लक्षण जो मूत्र पथ के संक्रमण या कैंसर का संकेत हो सकते हैं**-आपके मूत्राशय पर दबाव का अहसास। पेशाब करते समय दर्द या जलन। बार-बार पेशाब आना। अचानक पेशाब करने की इच्छा होना। यूरिनरी ब्लैडर खाली करने में समस्याब्लोटिंग महसूस होना। मूत्र में परिवर्तन।

**इन लक्षणों का कारण हो सकता है ओवरियन कैंसर** -भोजन के बाद या मासिक धर्म से पहले ब्लोटिंग महसूस होना सामान्य सी बात है। लेकिन लंबे समय तक यह स्थिति डिम्बग्रंथि यानी ओवरी कैंसर का संकेत हो सकता है। इसके अलावा कुछ लक्षण भी है जो इसका संकेत देते है। बिना डाइटिंग के 4 किलो या उससे अधिक वजन घटना कैंसर के कारण हो सकता है।पीरियड के बीच में रक्तस्राव या निर्वहन। पीरियड्स के बीच में स्पॉटिंग होना या खूनी, बदबूदार डिस्चार्ज होना आमतौर पर संक्रमण के कारण होता है। लेकिन कभी-कभी वे गर्भाशय ग्रीवा, योनि या एंडोमेट्रियल कैंसर का संकेत होते हैं।मेनोपॉज के बाद ब्लीडिंग होना सामान्य नहीं होता।लगातार बहुत अधिक थकान।

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने संयुक्त निदेशक कार्यालय व विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

## दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया, परीक्षा व्यवस्थाओं और मूल्यांकन कार्य का लिया जायजा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने शनिवार को संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय तथा विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक कार्यालय में उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती-2024 के तहत चल रही दस्तावेज सत्यापन और पात्रता जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सत्यापन कार्य में लगे कार्मिकों को प्रक्रिया को पारदर्शी व व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया के चौथे दिन 480 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 371 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उल्लेखनीय है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 11 मार्च से 11 अप्रैल तक किया जा रहा है, जिसमें बीकानेर मंडल के लगभग 13,559 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

### महारानी स्कूल का किया निरीक्षण

शिक्षा निदेशक ने महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समान परीक्षा एवं दक्षता आधारित परीक्षण का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा संचालन में उदासीनता और लापरवाही सामने आने पर संबंधित संस्था प्रधान और एक व्याख्याता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जाट ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मूल्यांकन केंद्र तथा कक्षा 8वीं और 5वीं बोर्ड के मूल्यांकन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। निदेशक जाट ने राजकीय जेम्स थॉमस उच्च माध्यमिक विद्यालय, तुलसी सर्किल में भी राज्य समान परीक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। यहां परीक्षा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर दो शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त निदेशक शैलेंद्र देवड़ा, स्टाफ ऑफिसर डॉ. अशोक शर्मा, संयुक्त निदेशक सुनीता चावला, सहायक निदेशक गोमाराम जीनगर, दस्तावेज सत्यापन समिति के सचिव राजेश जोशी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

# शेखावत की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

जनसंघ के पहले अध्यक्ष और पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह के बालसखा रहे ठाकुर भवानी सिंह की 20 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को खूडी स्थिति जोधा सिंह की हवेली में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई ।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, भोजासर आश्रम के महंत शिवराज जती महाराज एवं पूर्व भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिराम रणवा, विधुत निगम के पूर्व एमडी बीएम भामू , सामी सरपंच सुरेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह खुड़ी , महावीर जूलियासर आदि ने शेखावत के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस पर आए हुए सभी अतिथियों का ठाकुर भवानी सिंह के पुत्र सुदर्शन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं सुपुत्र अभयराज सिंह जी एवं सुपौत्र अभिमन्यु सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । संचालन महावीर पुरोहित ने किया ।



# रैफल्स विश्वविद्यालय में सस्टेनेबल कंप्यूटिंग पर पुस्तक का विमोचन और वीगन जीवनशैली पर वेबिनार



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेन्द्र सिंह सांगवान द्वारा 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल कंप्यूटिंग' शीर्षक पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक स्प्रिंगर नेचर द्वारा लेक्चर नोट्स इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (वॉल्यूम 1530) श्रृंखला में प्रकाशित की गई है। पुस्तक का संपादन डॉ. मंजू लता, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा किया गया है। इस अवसर पर डॉ. संजय सक्सेना, रजिस्ट्रार एवं कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशंस (सीओई), देवेंद्र यादव, फाइनेंस ऑफिसर तथा योगेन्द्र कुमार गोयल, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डॉ. राजेंद्र सिंह खटाना, डीन, स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एवं समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. (डॉ.) सांगवान ने संपादक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक सस्टेनेबल कंप्यूटिंग के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

इसके अलावा, रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराना के एनएसएस सेल ने वीगन आउटरीच के सहयोग से 14 मार्च 2026 को 'टेन वीक्स टू वीगन' विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। इस सत्र का संचालन निजा ढिल्लों, आउटरीच को-ऑर्डिनेटर, वीगन आउटरीच (इंडिया) द्वारा किया गया। उन्होंने वीगन जीवनशैली अपनाने के लाभ और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) आर. एस. सांगवान, अध्यक्ष, रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराना ने सतत जीवनशैली के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं एनएसएस के समन्वयक एवं स्कूल ऑफ बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. राजपाल कोसलिया ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए छात्रों में पर्यावरण जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# महिलाओं में अपार सामर्थ्य होता है, प्रत्येक मुश्किल परिस्थितियों का सामना बहादुर के साथ करें- थानाधिकारी मोहरसिंह मीणा




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । मुण्डावर उपखण्ड स्थित इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय में परियोजना निदेशक (प्रशासन) राजीविका, ग्रामीण विकास विभाग एवं राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद, राजस्थान सरकार, जयपुर के अंतर्गत मुण्डावर थानाधिकारी मोहरसिंह मीणा की अध्यक्षता और एएसआई रतन लाल तथा नरेश कुमार के निर्देशन में लखपति दीदियों और एनएसएस यूनिट और रेड रिबन क्लब की स्वयंसेविकाओं तथा छात्राओं को कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के द्वारा आत्मरक्षा के संदर्भ में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया आपातकालीन स्थिति में महिलाएं अपनी सुरक्षा कैसे करें, इस संदर्भ में उनको विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को यातायात नियमों, राजकोप सिटीजन एप, आपातकालीन सेवाओं, साइबर अपराध से बचाव तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई। थानाधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए राजकोप सिटीजन एप बहुत उपयोगी है। महिलाएं डरें नहीं और प्रत्येक मुश्किल परिस्थितियों का सामना बहादुरी के साथ करें। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित अनेक जानकारियां दी गई, ताकि जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का सही उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में सम्मिलित महिला कांस्टेबल कविता यादव और उर्मिला ने महिलाओं को अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति सतर्क रहने को कहा। प्राचार्य, शिक्षाविद एवं गांधीवादी विचारक डॉ. डी. आर. शर्मा के द्वारा इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजन कर रहे थानाधिकारी मोहरसिंह मीणा और उनकी समस्त टीम का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. भगवान शर्मा, डॉ. प्रेमलता शर्मा और अभिनव शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने किए बाबा श्याम के दर्शन

### समाजसेवी सुरेंद्र सैनी ने की क्षेत्र के विकास की मांग



**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**

खाटूधाम पहुंचे शहरी एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान का समाजसेवी सुरेंद्र सैनी ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सैनी ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे मंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ चंडीगढ़ के व्यवसायी विजय जिंदल भी मौजूद रहें। दर्शन के पश्चात समाजसेवी सुरेंद्र सैनी ने क्षेत्र की जनता की आवाज बुलंद करते हुए केंद्रीय मंत्री से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार के माध्यम से विकास परियोजनाओं को गति देने और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने का आग्रह किया, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# झुंझुनूं में कांशीराम जयंती पर कार्यकर्ता सम्मेलन आज

### आजाद समाज पार्टी का स्थापना दिवस भी मनाया जाएगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम जी की जयंती के अवसर पर 15 मार्च को अंबेडकर भवन, झुंझुनूं में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी दिन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के 6वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन भी रखा गया है। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि कार्यक्रम में बहुजन नायक कांशीराम जी के विचारों को याद करते हुए सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव नियुक्त आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह चारावास उपस्थित रहेंगे।सम्मेलन के दौरान शिक्षा से वंचित गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए अभियान चलाने पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही भीम आर्मी की जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा।विकास आल्हा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: चिड़ावा में आपसी सहमति से सुलझे सैकड़ों प्रकरण, करोड़ों के अवार्ड पारित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

स्थानीय न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत में आपसी सहमति और राजीनामे के जरिए लंबित मुकदमों का निस्तारण कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।अपर जिला एवं सेशन न्यायालय में कुल 37 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण मोटर दुर्घटना दावा (क्लेम) के प्रकरण रहे, जिनमें कुल 66,55,000 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। इसके अलावा बैंक और विद्युत विभाग के बकाया बिल व वीसीआर से संबंधित 200 प्रकरणों का निपटारा हुआ, जिनमें 27,67,455 रुपये के अवार्ड तथा बैंक लोन से जुड़े मामलों में 17,15,834 रुपये के अवार्ड पारित हुए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय: यहाँ कुल 23 मामलों का निस्तारण हुआ। चेक अनादरण के मामलों में 11,46,100 रुपये के अवार्ड पारित कर विवाद सुलझाए गए। सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय: यहाँ कुल 13 मामले निपटाए गए, जिनमें चेक अनादरण के प्रकरणों में 43,480 रुपये की राजीनामा राशि के अवार्ड दिए गए। इस अवसर पर सदस्य के रूप में एडवोकेट रोबिन शर्मा व अभिषेक महमिया मौजूद रहे। विद्युत विभाग की ओर से सहायक अभियंता (चिड़ावा) निधि मिश्रा, (सुलताना) मायालाल, (चनाना) नरेन्द्र सैनी और एआरओ सुरेश कुमार सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही अधिवक्ता भीमसिंह सैनी, विजय डाबला, सुनील महला सहित अनेक पक्षकारान मौजूद रहे।

### शिक्षक धर्मवीर दुलड़ ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा में किया सहयोग

# राजकीय विद्यालय में एक स्वचालित विद्युत घंटी व एक 15 लाकर युक्त अलमारी की भेंट



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । क्षेत्र के वाहिदपुरा गांव में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाहिदपुरा मे कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक धर्मवीर दुलड़ ने अपने पिता स्वर्गीय सूबेदार नोरंग सिंह दुलड़ की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय परिवार को एक स्वचालित विद्युत घंटी व एक 15 लाकर युक्त अलमारी भेंट की गई। उद्घाटन उन्होंने अपनी माताजी मनोहरी देवी द्वारा किया गया। धर्मवीर दुलड़ वर्तमान में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सीतसर (चूरू) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षक धर्मवीर दुलड़ ने बताया कि शिक्षा के मंदिर में दिया गया दान सर्वोच्च है। उन्होंने अपनी इस सोच को सार्थक करते हुए आज सपरिवार माताजी मनोहरी देवी, बड़े भाई राजेश कुमार,पत्नी इंद्रमणि, भतीजा सचिन विद्यालय में उपस्थित रहे । इस अवसर पर विद्यालय के समस्त बच्चों को फल वितरित करते हुए विद्यालय परिवार को सहयोग दिया। इस अवसर पर दुर्जाराम, सांवरमल, हरि सिंह,अध्यापक विद्याधर ,भानीराम झाझड़िया , नंदलाल, हितेश खिचड़ उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य सुमन कुमारी ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी का हार्दिक आभार व्यक्त कर उनके स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने बताया की स्वर्गीय सूबेदार नोरंग सिंह का परिवार समाज सेवा में सक्रिय है और इसी प्रकार से विद्यालय के लिए पुण्य कार्य निरंतर करते रहेंगे। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नीलम,व्याख्याता अभिलाषा, सरोज,सुरेंद्र सिंह ,सुनील कुमार, नरेश कुमार, राजकुमार, राजेश कुमार , नरेंद्र कुमार, नीलम बेनीवाल,कमला, कमला खीचड़ , नीरज लता,वर्षा जांगिड़, समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार ने किया।

# बीकानेर में 'पाण्डुलिपियों के अध्ययन में एआई की उपयोगिता' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू




**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान की ओर से 'पाण्डुलिपियों के अध्ययन में एआई की उपयोगिता' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ। इस विषय पर प्रदेश में आयोजित होने वाला यह पहला आयोजन है, जिसमें देश-विदेश के विद्वान ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से जुड़े। सम्मेलन का शुभारंभ मुनि अमृतकुमार के सान्निध्य में हुआ। उन्होंने आधुनिक ज्ञान के प्रसार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग और उसकी सीमाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता के रूप में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक में लगातार सुधार हो रहा है और भारतीय भाषाओं के लिए उन्नत एआई भाषा मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है।भाषिणी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ नाग ने भारतीय भाषाओं के डिजिटाइजेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाषिणी के माध्यम से अब तक 22 भाषाओं पर कार्य किया जा चुका है। वहीं अजय कुमार राजावत ने अपनी पीपीटी के माध्यम से भाषाई ट्रांसक्राइबिंग का प्रदर्शन किया।

आईआईटी जोधपुर के प्रो. गौरव हरित ने चित्रों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक पर चर्चा की, जबकि आईजीएनसीए दिल्ली के पवन कुमार ने मानव-कृत्रिम बुद्धिमत्ता लूप मॉडल की जानकारी दी। आयुष मंत्रालय के सुमित ने भारतीय चिकित्सा ग्रंथों में एआई के उपयोग पर प्रकाश डाला। डॉ. संदेशा रायपाल ने सांस्कृतिक क्षेत्र में एआई के संभावित दुरुपयोग के बारे में बताया। दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षित सिरोही ने एआई के माध्यम से कॉपीराइट और डीप सर्च के विषय पर विचार साझा किए। रूस की डॉ. इना और नाजिया मेसेलोवा ने विद्यार्थियों को रूसी भाषा में एआई की उपयोगिता से अवगत कराया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उद्योग से जुड़े अमित चावला, सतनाम सिंह और सौरभ शेट्टी ने अन्य राज्यों में संचालित सफल मॉडलों का उदाहरण देते हुए डिजिटाइजेशन और स्कैनिंग प्रक्रिया में एआई की भूमिका, जेनरेटिव एआई, सेमांटिक एआई तथा प्रकाशित और हस्तलिखित लेखों के ओसीआर की शुद्धता के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नितिन गोयल ने आगंतुकों का आभार जताते हुए बताया कि एआई के माध्यम से भाषा के पुनर्जीवन के लिए बीकानेर के विद्यार्थियों को कंपनियों में भाषा विशेषज्ञ के रूप में अवसर मिलेंगे, जिससे रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे। सम्मेलन में डॉ. दिग्विजय सिंह, पूर्व महापौर नारायण चोपड़ा, विमल गहलोत, राजेन्द्र कुमार, राकेश शर्मा और डॉ. चन्द्रशेखर कच्छावा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन गोपाल जोशी ने किया।उल्लेखनीय है कि राजस्थान में इस विषय पर आयोजित यह पहली अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस है। रविवार को आईआईटी रुड़की के स्पर्श मित्तल और आईआईटी मंडी के रोहित सलुजा भी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

# जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में राज्य स्तरीय स्कॉलरशिप परीक्षा 'जे-सैट' आज, टॉपर को मिलेंगे 51 हजार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

जीवनी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार आज 15 मार्च 2026 को राज्य स्तरीय स्कॉलरशिप प्रतियोगिता (J-SAT) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में पंजीकरण हुए हैं। एकेडमिक हेड दीपेश भारद्वाज ने बताया कि स्कॉलरशिप प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।निदेशक रितेश मील ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए भारी-भरकम स्कॉलरशिप राशि रखी गई है। परीक्षा में टॉप करने वाले छात्र को 51,000 रुपये तक की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इसके अलावा अन्य रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी विभिन्न स्तरों पर स्कॉलरशिप और पुरस्कार दिए जाएंगे।विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निदेशक सावरमल मील ने कहा कि चहुंमुखी विकास के लिए केवल किताबी ज्ञान काफी नहीं है। सभी विद्यार्थियों को समसामयिक प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए ताकि वे आधुनिक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें। शैक्षणिक कार्यवाहक सुनील वर्मा के अनुसार, परीक्षा के सफल संचालन के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं। जे-सैट परीक्षा के संचालक सुनेंद्र कुमार और विशाल कुमार ने विद्यार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं ताकि परीक्षा बिना किसी बाधा के गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

# यूथ आइकन वंशीका शर्मा का नोबल शिक्षण समूह देवलावास में हुआ सम्मान




**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

कस्बे की 20 वर्षीय प्रतिभाशाली बेटी व यूथ आइकन वंशीका शर्मा का शनिवार को नोबल शिक्षण समूह, देवलावास(बुहाना) में सम्मान किया गया। गणित के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली वंशीका ने कई रिकॉर्ड बनाकर ग्रामीण क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वंशीका शर्मा की खासियत यह है कि वह दोनों हाथों से एक साथ गणित के कठिन सवालों को कुछ ही सेकंड में हल कर देती हैं। अपनी इस अनोखी प्रतिभा के दम पर उन्होंने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं। 'अद्भुत गर्ल' के नाम से पहचान बना चुकी वंशीका फिलहाल आईआईटी मद्रास से बी.टेक की पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और नाना पचेरी कलां के पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बोहरा के प्रोत्साहन को दिया। साथ ही स्वर्गीय नानी संतरा देवी पूर्व सरपंच के आशीर्वाद को भी अपनी प्रेरणा बताया और कहा कि वह समाज के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा रखती हैं। इस अवसर पर नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर इंजीनियर संदीप नेहरा ने वंशीका शर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी मेहनत और प्रतिभा के दम पर विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। वंशीका की उपलब्धियां क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने वंशीका शर्मा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# शाहपुरा में शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारे में उमड़ा शैलाब

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**



**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शाहपुरा स्थित नवनिर्मित शीतला माता मंदिर में शनिवार को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञ हवन पूर्णाहुति आचार्य पंडित संदीप कुमार शर्मा के वेद मंत्र द्वारा मुख्य यजमान बजरंग लाल कुमावत ने सपत्नीक कराया। ग्राम वासियों के सहयोग से शीतला माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ब्रह्मचारी दिगंबरा आश्रम श्रीमाधोपुर के संत किशन गिरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। दोपहर में कन्या पूजन एवं भोजन के बाद विशाल भंडारे की शुरुआत की गई। जहां हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण कर माता के दरबार में माथा टेका। इस मौके ओमप्रकाश पूनिया, रामजीवन बोहरा, सीताराम शर्मा, सूरजमल जांगिड़, भैरूराम साखुनिया, रामसिंह ऐचरा, मुरलीधर कुमावत, रिछपाल सिंह साखुनियां,महादेव सिंह ऐचरा, मक्खन लाल,अर्जूनलाल कुमावत, सीताराम साखुनियां, बनवारीलाल टेलर, श्रवण ऐचरा, सुंडाराम कुमावत, श्रीराम शर्मा,सागर बाजिया, रामस्वरूप शर्मा, झाबरमल, गोपाल, बंशीधर ,श्याम लाल कुमावत,सुरेश मनी लाल वर्मा सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे।

# आचार्य नटवरलाल जोशी की स्मृति में ज्योतिष पौरोहित्य व पंचांग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

ब्रह्मलीन आचार्य पंडित नटवरलाल जोशी स्मृति की में भारत सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से श्री शंकराचार्य अभिनव शिक्षण समिति द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान प्रणाली आधारित कार्यशाला के अंतर्गत परंपरागत पंचांग प्रशिक्षण की गुरु शिष्य पद्धति, ज्योतिष पौरोहित्य एवं पंचांग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार को केसरी नंदन हनुमान मंदिर में हुआ ।

आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरारी लाल महर्षि ने की जबकि मुख्य अतिथि चूरू के पंडित जगदीश मिश्र थे। कार्यक्रम में वयोवृद्ध पंडित पुरुषोत्तम मिश्र आचार्य महेंद्र प्रताप जोशी व बुद्धिप्रकाश व्यास विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में बोलते हुए आचार्य महेंद्र जोशी ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का



महत्व बताते हुए ज्योतिष और पंचांग के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुंबई प्रवासी नंदकिशोर ढंड , गुरमुख राय ढंड, महावीर ढंड जयप्रकाश शर्मा, पंडित विश्वभर लाल जोशी, संगीतकार मंगल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम की सामूहिक स्तुति से हुई जबकि विठ्ठल मिश्र द्वारा पौराणिक मंगलाचरण एवं पंडित अमरचंद पुजारी द्वाराआयोजित वैदिकमंगलाचरण किया गया। इस अवसर पर अमितपुजारी,विमल पुजारी ,मुरारी लाल मिश्र,भंवर लाल शर्मा, सत्यनारायण नाहरिया, सुरेंद्र कुमार इंदौरिया, विनोद पारीक, हर्षनाथ नाहरिया, अशोक पुजारी , यादव शास्त्री, अशोक शर्मा, पंडित बलदेव इंदौरिया, गोवर्धन लाल शास्त्री,डॉ रेखा शर्मा, शशिकांत जोशी, सज्जन पारीक, प्रवीण जोशी, सुशील वर्मा, रवि कुदाल, डॉ राजेश जोशी, विकास तुनवाल , प्रवीण नरसासवाला,पंडित सुशील दायमा, पंडित धर्मेंद्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिविर 19 मार्च तक नियमित रूप से आयोजित रहेगा जबकि 19 मार्च शाम को नव वर्ष प्रतिपदा एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन श्री मुरली मनोहर जी के मंदिर में शाम को गोधूलि बेला में मनाया जाएगा । यह जानकारी भानु प्रकाश जोशी व संयोजक अमित शर्मा ने दी ।संचालन डॉक्टर आशीष जोशी ने किया।

# सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में 'मामा' बनकर पहुंचे पुलिसवाले, भरा 1.61 लाख रुपये का मायरा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

अक्सर अनुशासन और सख्ती के लिए पहचानी जाने वाली खाकी के पीछे एक बेहद संवेदनशील और मानवीय हृदय भी धड़कता है. इसकी एक जीवंत मिसाल कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नारायणपुर पुलिस थाने में देखने को मिली है. यहां के पुलिसकर्मियों ने न केवल कानून की रक्षा की, बल्कि सामाजिक सरोकार निभाते हुए अपने ही थाने के सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में मायरा (भात) भरकर इंसानियत का एक अनुपम उदाहरण पेश किया है।जब 'खाकी' ने निभाया परिवार का फर्जः नारायणपुर थाने में सफाई कर्मचारी कैलाश लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं. जब उनकी बेटी की शादी तय हुई, तो परिवार के सामने आर्थिक तंगहाली एक बड़ी चुनौती थी. जैसे ही यह बात थाना स्टाफ के संज्ञान में आई, बानसूर सीओ मेघा गोयल और थानाधिकारी रोहिताश कुमार के नेतृत्व में पूरे स्टाफ ने एकजुट होकर कैलाश की मदद करने का निर्णय लिया. पुलिसकर्मियों ने आपसी सहयोग से राशि एकत्रित की ताकि अपने सहकर्मी की बेटी की विदाई को यादगार बनाया जा सके। थानेदार से लेकर सिपाही तक बने 'मायरेतीः शादी समारोह के दौरान जब खाकी वर्दी पहने पुलिसकर्मी हाथों में मायरे की थाल और उपहार लेकर कार्यक्रम स्थल पर



पहुंचे, तो वहां मौजूद हर कोई दंग रह गया. पुलिसकर्मियों ने रस्मों को निभाते हुए 1 लाख 61 हजार रुपये की नकद राशि भेंट की. इसके साथ ही घरेलू उपयोग के विभिन्न सामान और कपड़े उपहार स्वरूप दिए. नवदंपती को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हुए पुलिसकर्मियों ने यह साबित कर दिया कि वे समाज के रक्षक ही नहीं, बल्कि सुख-दुख के साथी भी हैं।

### छलक आए कैलाश के आंसूः

अपनी बेटी की शादी में पुलिस के इस अप्रत्याशित सहयोग को देखकर कैलाश और उनका परिवार भावुक हो गया. कैलाश ने नम आंखों से कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि थाने का स्टाफ इस तरह उनके परिवार की जिम्मेदारी को अपना मानकर साझा करेगा।

**अधिकारी बोले-** कैलाश हमारा परिवार हैः इस पहल के बारे में बानसूर सीओ मेघा गोयल और थानाधिकारी रोहिताश कुमार ने बताया कि कैलाश उनके थाने का महज एक कर्मचारी नहीं, बल्कि पुलिस परिवार का अभिन्न हिस्सा है. एक सहकर्मी के नाते उसकी खुशियों में शामिल होना उनकी पारिवारिक जिम्मेदारी थी. वे चाहते थे कि बेटी की विदाई पूरे सम्मान के साथ हो।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 29912 मामलों में से 20995 मामलों का हुआ निपटारा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**




**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिला व उपमंडल स्तर के न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत में 29912 मामले रखे गए जिनमें से 20995 मामलों का निपटारा किया गया और तीन करोड 46 लाख 95 हजार 829 रुपये की राशि समझौता व जुर्माना के रूप में पास की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मामलों का निपटारा करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) तरूण सिंगल ने कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों एवं आर्थिक रूप से पिछले वर्गों के सदस्यों के लिए मुफ्त सेवा कानून का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन कर लंबित मामलों का निपटान दोनों पक्षों की सहमति से किया जाता है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार जिला स्तर पर एडीजे तरूण सिंगल, प्रधान न्यायाधीश (फैमिली कोर्ट) शिखा, एडीशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कम न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विनती, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कम न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी जोगिंद्र जांगड़ा, रतिया उपमंडल पर एडीशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कम एसडीजेएम सलोनी गुप्ता तथा उपमंडल टोहाना में एडीशनल सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कम एसडीजेएम हर्ष कुमार सिंह की कोर्ट में लोक अदालत लगाई गई। सीजेएम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 29912 मामले रखे गए जिनमें से 20995 मामलों का निपटारा किया गया और तीन करोड 46 लाख 95 हजार 829 रुपये की राशि समझौता व जुर्माना के रूप में पास की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन मामलों की सुनवाई करते हुए 24800 मामलों में से 19000 मामलों का निपटारा किया गया और 85 लाख 6 हजार 468 रुपये की राशि समझौता व जुर्माना के रूप में पास की गई। इसी प्रकार कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई करते हुए 5112 मामलों में से 1995 मामलों का निपटारा किया गया तथा दो करोड़ 61 लाख 89 हजार 361 रुपये समझौता व जुर्माना के रूप में पास की गई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अनेकों प्रकरणों का निस्तारण कर लाखों की वसूली व अवार्ड किए पारित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में लक्षमनगढ में गठित बैंच ने अनेकों प्रकरणों का निस्तारण कर लाखों रुपए की वसूली कर अवार्ड पारित किए गए। यह जानकारी देते हुए तालुका विधिक सेवा समिति लक्षमनगढ की सचिव सुश्री सुरभी महला ने बताया कि मुख्यालय पर 14 मार्च 2026 को आयोजित प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में एक बैंच का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ़ सुश्री सोनल पारीख की




अध्यक्षता में गठित बैंच ने कुल 81 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर 43 लाख 34 हजार 409 रूपए की वसूली की गई। तथा मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक मामले, पारिवारिक प्रकरण एवं अन्य दीवानी मामलों और फौजदारी मामलों में कुल 41 प्रकरणों का निस्तारण कर 39 लाख 79 हजार 297 रूपए के अवार्ड पारित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत की बैंच में सदस्य बाबूलाल ढाका तथा अन्य अधिवक्तागण सहित बैंकों व अन्य सरकारी कार्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# ग्राम कुतीना में जति आश्रम के महंत रामकुमार नाथ के ब्रह्मलीन होने के पश्चात ईकतालीसा की रस्म अदा की गई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव कुतीना में शनिवार को जति आश्रम के महंत रामकुमार नाथ के ब्रह्मलीन होने के पश्चात ईकतालीसा की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर कन्या भोज एवं प्रसादी का आयोजन किया गया और सत्संग का आयोजन कर समाधि पूजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्म नाथ, जगन्नाथ, सुरेश नाथ, प्रेमनाथ,



मंगलनाथ, बिल्लू नाथ, अर्जुन नाथ, दिलीप दास, धाकड़ बाबा, शंकर नाथ, दीपक नाथ, प्रेमानंद, टन गिरी, महाकाल गिरी आदि साधु संतों ने मिलकर अरुण नाथ को गद्दी पर बिठाकर चादर ओढ़ाई की रस्म पूर्ण कर उनको गद्दी सौंप कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कुतीना गांव से सरपंच रविंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, गूगल सिंह, मुकेश सिंह, पूर्व पंच विक्रम शर्मा, अमर सिंह, विजेंद्र सिंह, शेर सिंह, रणधीर सिंह, महिपाल सिंह, पंच रामावतार, महावीर, मनोज शर्मा, महादेव मेला कमेटी जिलों की तरफ से भी उनको चादर ओढ़ी गई। इस अवसर पर झरनेश्वर महादेव मेला विकास समिति घीलौठ की और से भी आश्रम पर आयुष विभाग के पूर्व उपनिदेशक एवं मेला कमेटी के महासचिव डॉक्टर जलदीप पथिक के द्वारा चद्दर ओढाई गई, उनके साथ राजेंद्र सिंह चौहान, पप्पू ठेकेदार, सुनील सिंह चौहान, अध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी, सुनील शर्मा, मोतीलाल पंच एवं जगदीश सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# राणासर में स्थित निर्झर धाम आश्रम पर सातवें दिन तक लगी 35 लाख आहुतियां

## निर्झर धाम आश्रम पर चल रहा है 108 कुंडीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी**

**सुमेर मीणा ।** नीमकाथाना के नजदीक राणासर के पास स्थित निर्झर धाम आश्रम पर चल रहे 108 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मैं स्वाहा स्वाहा के उद्घोष के साथ रोज 5 लाख आहुतियां दी जा रही है द्य विद्वान पंडितो द्वारा रोज यज्ञ में आहुतियां दिलवाई जा रही है द्य नीमकाथाना के किरोड़ीमल मोदी एवं छगनलाल मोदी प्रधान कुंड पर सहपत्नीक यज्ञ में आहुति दे रहे हैं द्य इनके साथ ही यज्ञ में 125 जोड़े भी रोज आहुतियां दे रहे हैं द्य यज्ञ प्रेमी मदन लाल भंवरिया ने बताया कि जग में आहुति का अर्थ है अग्नि के माध्यम से देवताओं को हवन सामग्री समर्पित करना द्य यह समर्पण और त्याग का प्रतीक है जो वातावरण को शुद्ध नकारात्मक ऊर्जा को दूर और सूक्ष्म शक्तियों को पुष्ट करता है द्य स्वाहा बोलकर दी गई आहुति जो औषधि जड़ी बूटियां से युक्त होती है द्य भावरिया के अनुसार यज्ञ में आहुति देना ( हवन ) देवताओं को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद आरोग्य निरोगी काया और मानसिक शांति का



पुण्य प्रदान करता है यह वातावरण को शुद्ध करता है और हानिकारक कीटाणु का नाश करता है जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है द्य मान्यता है की आहुति से देवता प्रसन्न होकर पोषण और समृद्धि का वरदान देते हैं द्य यज्ञ के दौरान भंडारे में रोज हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं द्य इस दौरान विद्वान पंडित संजय शास्त्री, श्री श्री 108 श्री अवध बिहारी दास महाराज, झडाया बालाजी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री सीताराम दास जी महाराज, दौलत राम गोयल, महेश कुमार, बजरंग लाल पटेल, कैप्टन रामनिवास ताखर, राणासर सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार जाखड़, महेंद्र सिंह तेतरवाल सहित कई लोग मौजूद रहें

# शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर बड़ा हादसा टलाः तेज रफ्तार ट्रॉले ने खड़ी गाड़ियों को मारी टक्कर, 6 वाहन क्षतिग्रस्त; 3 घायल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**



**रमेशचंद ।** नीमराना उपखंड क्षेत्र के गांव शाहजहाँपुर में दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर स्थित शाहजहांपुर टोल प्लाजा के पास शनिवार शाम करीब 5:30 बजे तेज रफ्तार ट्रॉले के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में चार कार, एक बस और एक ट्रॉला सहित कुल छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए नीमराना के सोनी देवी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर टोल चुकाने के लिए कई वाहन लाइन में खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रॉले ने अचानक खड़ी गाड़ियों में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे खड़ी एक छोटी कार अनियंत्रित होकर सामने खड़ी बस से जा भिड़ी। इसके बाद एक के बाद एक वाहन आपस में टकरा गए, जिससे कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर थानाधिकारी प्रकिता सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं और तुरंत स्थिति को संभालते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। हादसे में रजत, बालकिशन और पुनीत (निवासी कोलकाता) घायल हो गए, जिन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एंबुलेंस से नीमराना के सोनी देवी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों को हल्की चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई, लेकिन थानाधिकारी प्रकिता सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर तुरंत जाम को हटवाया और क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने मौके पर ही ट्रॉला चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# अंतरास्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन में शामिल हुआ सीकर जिले का प्रतिनिधि मंडल

## मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री व भाजपाध्यक्ष ने उद्धघाटन सत्र को किया संबोधित हुआ सामाजिक मुद्दों पर मंथन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का दो दिवसीय अधिवेशन शनिवार से जयपुर के अजमेर रोड़ स्थित समुराई रिसोर्ट भांकरोटा में शुरू हुआ। अधिवेशन के उद्धघाटन सत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संबोधित किया। प्रदेश अधिवेशन मंथन शिविर दूसरे सत्र सहाकारिता मंत्री गौतम दक ,वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ ,मुख्य वक्ता भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने संबोधित करते हुए वैश्य समाज की एकजुटता की बात कही जबकि तीसरे सत्र व संगठन सत्र को महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एन के गुप्ता ,राज्य प्रभारी धुरवदास अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। दो दिवसीय अधिवेशन में सीकर इकाई की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु



भूत, सीकर जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल पलसाना, महिला इकाई अध्यक्ष मंजू लोहिया, महामंत्री मधु सिहोटिया, स्वाति बियाणी, सुमन खेतान, युवा अध्यक्ष अनिल खेतान, महामंत्री चंद्रप्रकाश दोदराजका, नंदकिशोर काबरा, अनिल सिंघल शामिल हुए इस अवसर पर सीकर जिला महामंत्री सुरेश अग्रवाल ने संगठन सत्र में जिले की पिछले वर्ष की गतिविधियों से सदन को अवगत कराया ।

# गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में नीमराना में कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम मोदी का पुतला फूंका




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नीमराना कस्बे में पंचायत समिति गेट के बाहर शनिवार को नगर कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंककर विरोध जताया और बढ़ती महंगाई के खिलाफ नारेबाजी की।मुंडावर विधायक ललित यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आम जनता को परेशान कर रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है और इसका फायदा बड़े उद्योगपतियों को पहुंचाया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय चौहान, नीमराना के पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट वेद प्रकाश सैनी, राजस्थान पंचायती राज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद गुर्जर, सामाजिक कार्यकर्ता कर्मपाल सिंह चौहान, केशव प्रजापति, जिला पार्षद भीमराज यादव, एससी प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज सामरिया, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद चर्खिया, संजय यादव, अशोक दौराता (काली पहाड़ी), यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनूप यादव, नगर कांग्रेस मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, धाकड़ यादव, मौजीराम यादव (जिला उपाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन), अंगज कुमार जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करने की मांग की।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद** । भारतीय जनता पार्टी स्थानीय कार्यालय भाजपा मंडल नीमराना में पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल एवं जिला पार्षद वेद प्रकाश खबरी के मुख्य आतिथ्य तथा जिला वक्ता डॉ. जलदीप पथिक के सानिध्य में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में माँ भारती, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। इसके बाद राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गान किया गया। उद्घाटन सत्र के पश्चात प्रशिक्षण वर्ग में वर्ग गीत का अभ्यास कराया गया। डॉ. जलदीप पथिक ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन विषय पर जानकारी देते हुए अपेक्षित लाभार्थियों एवं युवा कार्य कर्ताओं को जोड़कर सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता रामपाल कुमावत, लाखन सिंह चौहान, प्रकाश जांगिड़, मनोज यादव, सोनू यादव, सरदार सैनी, सुरेश चंद रेवाडिया, पिंटू चौधरी, संयोगिता जांगिड़, जय हिंद सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। मंच संचालन महेश टेलर ने किया।

# अखिल भारत हिन्दू महासभा- नरेश धाबाई झुंझुनूं युवा जिलाध्यक्ष और ऋतिक चंदेलिया जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।



नरेश धाबाई



ऋतिक चंदेलिया

अखिल भारत हिन्दू महासभा के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया ने संगठन विस्तार करते हुए नरेश धाबाई को झुन्झुनू हिन्दू युवा सभा का जिलाध्यक्ष और ऋतिक चंदेलिया को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां जिलाध्यक्ष प्रणीत गुप्ता (विपुल) व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र योगी की अनुशंसा पर उनके हिन्दुत्व के प्रति समर्पण को देखते हुए की गई हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर धाबाई और चंदेलिया ने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाएंगे। उन्होंने राष्ट्र, धर्म, गौ और तीर्थ रक्षा के संकल्प के साथ संगठन को नई ऊर्जा देने की बात कही। साथ ही, राजस्थान में टीम गठित कर सदस्यता अभियान के माध्यम से युवाओं को जोड़ने को अपनी प्राथमिकता बताया। इस नियुक्ति पर कुलदीप सिंह राठौड़, अनिल कौशिक, नितिन चौधरी, रमेश देवी यादव सहित कई सामाजिक संगठनों व क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। संगठन का मानना है कि युवाओं और महिला शक्ति की सक्रियता से प्रदेश में हिन्दू महासभा को नई गति मिलेगी।

# चिड़ावा: विद्युत विभाग की एईएन निधि मिश्रा एपीओ, बहसबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद गिरी गाज

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

कस्बे में विद्युत विभाग की सहायक अभियंता (एईएन) निधि मिश्रा को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया गया है। इस संबंध में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की सचिव सीमा शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, एपीओ अवधि के दौरान निधि मिश्रा का मुख्यालय झुंझुनूं निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में एईएन निधि मिश्रा और भाजपा के पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा के बीच हुई तीखी बहस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर एक- दो दिन से जमकर वायरल हो रहा था। कार्यालय में हुई इस खींचतान के बाद विभाग की छवि को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चाएं थीं। मामले की गंभीरता और सार्वजनिक हुए विवाद को संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने यह अनुशासनात्मक कदम उठाया है। फिलहाल निधि मिश्रा को किसी नए पद पर नियुक्ति नहीं दी गई है और उन्हें अगले आदेश तक झुंझुनूं मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रशासनिक कार्रवाई के बाद विभाग के भीतर और राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

# पिकअप में ऊंट तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, दो मादा ऊंट व वाहन जब्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।





जिले के पचेरी कलां थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन में ऊंटों की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन से दो मादा ऊंटों को मुक्त कराते हुए पिकअप गाड़ी को भी जब्त कर लिया। पचेरी कलां थानाधिकारी बनवारीलाल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 13 मार्च को गश्त के दौरान गौरक्षक दल की ओर से सूचना मिली कि पचेरी कलां से निजी यूनिवर्सिटी के पास मुख्य सड़क किनारे एक पिकअप गाड़ी को रोका गया है, जिसमें ऊंटों को भरकर अवैध रूप से मेवात (हरियाणा) ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पिकअप की जांच की। पिकअप के पिछले हिस्से को खोलकर देखा गया तो उसमें दो मादा ऊंटों को पैर और मुंह रस्सियों से बांधकर क्रूरता पूर्वक बैठाया हुआ था। दोनों ऊंट घायल अवस्था में थे और उनके मुंह से झाग निकल रहा था, जिससे उन्हें काफी पीड़ा हो रही थी। पुलिस ने मौके पर चालक से पूछताछ की, जिसने अपना नाम अजीम खां पुत्र सदीक खां (32) निवासी दोहा थाना झिरका फिरोजपुर, जिला नूंह (मेवात) हरियाणा बताया। आरोपी ने ऊंटों को पास के गांव से खरीदकर उन्हें वध के लिए मेवात ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने जब ऊंटों के संबंध में लाइसेंस या वैध दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।इस पर पुलिस ने दोनों मादा ऊंटों को जब्त कर मुक्त कराया और पशु चिकित्सक से उनका उपचार व मेडिकल करवाया। साथ ही पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया। आरोपी अजीम खां के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी बनवारीलाल, सहायक उपनिरीक्षक नानचाराम, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश और कांस्टेबल रणवीर शामिल रहें।

# कैंप में 117 मरीजों के रक्तचाप, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, हृदय गति की जांच हुई

**गुजरवास में हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप का आयोजन**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।



**मनोज बुलाण** । राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में श्री राम सेवा ट्रस्ट गुजरवास व म पंचायत गुजरवास के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर हार्ट हास्पिटल नारनौल के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान की शिविर का शुभारंभ सरपंच वर्षा रानी एवं समाज सेविका बिमला अग्रवाल दीप प्रज्वलन से किया। श्रीराम सेवा ट्रस्ट प्रधान ओपी चौहान ने बताया कि कैंप में 117 मरीजों के रक्तचाप, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, हृदय गति की जांच की गई। तेईस मरीजों की ईसीजी की गई जिनमें सात हृदय रोगियों को रेफर किया गया। सभी मरीजों के नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। शिविर प्रबंधन में ट्रस्ट की वानर सेना का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय अग्रवाल सहित डा विनोद यादव, हव.कन्हैया लाल, मुकेश कोच सहित गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में सीनियर हार्ट स्पेशलिस्ट डा. एस. एस. यादव, रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अजय कुमार अग्रवाल, डा. विनोद कुमार यादव अपनी सेवाएं प्रदान की। कैंप सुबह नौ बजे से दो बजे तक रहा जिसमें ग्रामीणों ने भरपूर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ सरपंच वर्षा रानी एवं समाज सेविका बिमला अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। वर्षा रानी ने कहा कि गांव में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में श्री राम सेवा ट्रस्ट का सराहनीय योगदान रहा है। स्वास्थ्य जांच शिविर गांव के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं, इसलिए गांव में समय समय पर ऐसे जांच शिविरों का आयोजन किया जाना जरूरी है।

# जाखल पुलिस की बडी कार्यवाही, महिला से दुष्कर्म और अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के मामले में सहआरोपी काबू

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।



**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के नेतृत्व में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुँचाने के अभियान के तहत, थाना जाखल पुलिस ने दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में संलिप्त सह-आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तरसेम पुत्र दीवान चंद (निवासी गुलाड़, जिला पटियाला, पंजाब) के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उप निरिक्षक सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता ने महिला अधिवक्ता की उपस्थिति में पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि फरवरी 2025 में जब उसके घर पर मकान निर्माण का काम चल रहा था, तब आरोपियों ने घर में अकेला पाकर पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता की शिकायत पर थाना जाखल में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं 64(2)m (दुष्कर्म), 351(3) (धमकी), 332 (B) और 3(5) के तहत मुकदमा नंबर 150/2025 दर्ज किया गया था।मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इस मामले में जांच टीम ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए मुख्य सह-आरोपी तरसेम पुत्र दीवान चंद (निवासी गुलाड़, जिला पटियाला, पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया है।मामले की जाँच जारी है ।

## फतेहाबाद पुलिस का संदेश

पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यदि कोई भी व्यक्ति किसी महिला को डराने, धमकाने या ब्लैक मेल करने की कोशिश करता है, तो बिना डरे इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। महिलाओं की शिकायतों पर त्वरित और कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# माडिया गांव में जेंडर कमेटी कार्यशाला आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नोखा।



अंबुजा फाउंडेशन की बेहतर कपास परियोजना के तहत नोखा क्षेत्र के माडिया गांव में जेंडर कमेटी की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी पर जोर देते हुए महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों को लेबर कमेटी के सदस्यों से परिचित कराया गया और उनके उद्देश्य व कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही बाल कार्य, बाल श्रम और उपयुक्त कार्य आयु सीमा के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर लेबर मॉनिटरिंग एवं रेमेडियन सिस्टम पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में किसानों से अपील की गई कि प्रवासी मजदूरों के साथ आने वाले बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने में सहयोग करें तथा बाल श्रम को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करें। इस दौरान अंबुजा फाउंडेशन के गौरव खंडेलवाल, ललित सिंह भाटी, मधु बिश्नोई और रामेश्वर बिश्नोई ने जेंडर समानता, श्रमिक अधिकारों और बाल श्रम उन्मूलन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सात गांवों के जेंडर कमेटी सदस्य और किसान मौजूद रहे।

# राजस्थानी भाषा अकादमी में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।




**सोहनलाल परिहार** । राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को स्वच्छता कार्यक्रम के तहत अकादमी कार्मिकों द्वारा अकादमी परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। अकादमी सचिव शरद केवलिया ने बताया कि इस दौरान अकादमी पुस्तकालय, वाचनालय व विभिन्न कमरों की सफाई की गई। कनिष्ठ लेखाकार अंजली टाक, सूचना सहायक केशव जोशी, वरिष्ठ सहायक श्रीनिवास थानवी, कानसिंह, मनोज मोदी, सुखदेव, पिंकी आदि ने अकादमी परिसर को स्वच्छ किया।

# जनता परेशान, सरकार बेखबर, गैस संकट पर सुखविंदर सिंह गिल का हमला

**देश -प्रदेश में गैस सिलेंडर की किल्लत पर सरकारें शीघ्र संज्ञान लेकर समाधान करे-प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल**

भीम प्रज्ञा न्यूज.चण्डीगढ़।

**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ)** । ऊपर मोदी-नीचे नायब, हर रसोई से गैस गायब' वर्तमान परिपेक्ष्य में देश और हरियाणा में एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत से आम जनता का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गैस की कमी के कारण होटल-ढाबों का कामकाज प्रभावित हो रहा है, छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और हजारों लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। अस्पतालों और स्कूलों में भी गैस की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जनता की इसी गंभीर समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल ने गैस की किल्लत को तुरंत दूर करने की मांग उठाई। इस मौके पर सुशील गुप्ता ने कहा कि 'एलपीजी गैस की भारी किल्लत के कारण आम जनता, छोटे व्यापारी, होटल-ढाबा संचालक और कई संस्थान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। जनता को राहत देने के बजाय सरकार केवल दिखावे की राजनीति कर रही है।'

# टोहाना में लोक अदालत में सिनियर जज हर्ष कुमार ने सफलतापूर्वक की आयोजित

**बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेश गिल, सचिव नीरज गोयल व कोषाध्यक्ष राजेश सभ्ररवाल ने दिया सहयोग**

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा** । टोहाना न्यायालय परिसर में आज टोहाना अदालत में विचाराधीन दिवानी, फौजदारी व रेवेन्यू मुकदमों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद के सों का निपटारा किया।आज की लोक अदालत की टोहाना में अध्यक्षता स्थानीय सिनियर जज हर्ष कुमार ने की तथा बैंकों से सम्बंधित कई मामलों का मौके पर निपटारा करवाया।लोक अदालत में ट्रेफिक सम्बंधित चालान, बिजली विभाग से सम्बंधित विचाराधीन मुकद्दमों की भी स्थानीय जज हर्ष कुमार के सहयोग से निपटारा किया गया।आज की लोक अदालत में बार एसोसिएशन टोहाना के प्रधान एडवोकेट सुरेश गिल समैन, सचिव एडवोकेट नीरज गोयल,कोक्षाध्यक्ष एडवोकेट राजेश सभ्ररवाल,लीगल एड काउंसिल एडवोकेट बलविंदर सिंह लाम्बा, एडवोकेट मीनू कासवां कुलां, एडवोकेट मनीषा ने लोक अदालत के सफल आयोजन में अपनी नुमाइंदगी पेश की। लोक अदालत में प्रवाचक आलोक ने विवादित मामलों के निपटान में सहयोग किया।

# शांति निकेतन स्कूल, ढिंगसरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, अभिभावकों में खुशी की लहर

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा** । शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सैकेंड़री स्कूल, ढिंगसरा के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि शनिवार को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरढ़ान से प्रधानाचार्य मनोज बैनीवाल, पीडीएम स्कूल खाबड़ा कला की प्रधानाचार्य श्रीमति अनिता गिजरोईया व डायरेक्टर साधूराम, ग्रीन वैली स्कूल चुली बागड़ियान से प्रधानाचार्य गुरमेहर सिंह व डायरेक्टर श्रीमति कांता देवी, पिंक सिटी स्कूल भोड़िया खेड़ा की प्रधानाचार्य श्रीमति ममता नारंग, पंकज मेहत्ता, भूपेन्द्र गोदारा सहित विद्यार्थियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। परिणाम घोषित होने के साथ ही विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रशासन द्वारा गणेश वंदना में दीप प्रज्जवलित कर सभी उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों के स्वागत के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के परिणाम जानने के लिए विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से मुलाकात की और बच्चों की पढ़ाई व प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। जैसे ही बच्चों के अच्छे परिणाम सामने आए, अभिभावकों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों की सराहना की। कई अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा व संस्कार दिए जा रहे हैं, बल्कि उनके नैतिक और सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने पढ़ाई में काफी मेहनत की है, जिसका सकारात्मक प्रभाव परीक्षा परिणाम में देखने को मिला। अधिकांश विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए और कई विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। शिक्षकों ने भी बच्चों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल होता है। इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय बिताएं और उनकी पढ़ाई में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं, तो बच्चे जीवन में बड़ी सफलताएं प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य और अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और खुशी से भरा रहा। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और आगे भी इसी तरह मेहनत कर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल राता कला का वार्षिकोत्सव का आयोजन किया

**स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया**

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।




**मनोज बुलाण** । इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल राता कला का शनिवार को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अपने अभिनय का परिचय दिया। समारोह में मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीजीपी आरसी मिश्रा, एससीईआरटी के पूर्व उप निदेशक पुष्करमल वर्मा व अतिथि रिटायर्ड डीईओ संतोष चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया जबकि मंच संचालन साहिल ने किया। इस अवसर पर रिटायर्ड डीईओ संतोष चौहान ने कहा कि छात्रों की प्रतिभा और उपलब्धियों की प्रशंसा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, संगीत, और नाटक के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल सीईओ अरविंद जोशी ने कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है जिन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रबंधन की ओर से छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए। प्राचार्य कविता कुमारी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर हरियाणा कला अकादमी के डायरेक्टर अनिल कौशिक, प्राचार्य बेगराज शर्मा, स्कूल के संरक्षक एलसी जोशी, ब्राह्मण सभा अटेली गौरव शर्मा, एविशियन से विशाल कश्यप, वैभव वरूण, शेरसिंह यादव, खैराणी के सरपंच बजरंग चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# अटेली में पांचवां प्रतिभा सम्मान समारोह आज

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण** । महावर वैश्य नवयुग मंडल अटेली मंडी द्वारा आज 15 मार्च को ओम गार्डन अटेली में पांचवां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं तथा बुजुर्गों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महावर वैश्य सेवा संघ अलवर के अध्यक्ष अश्वनी महावर उपस्थित रहेंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सुधीर महावर करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार समारोह का उद्देश्य समाज के मेधावी विद्यार्थियों और प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करना तथा बुजुर्गों के अनुभव और योगदान का सम्मान करना है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे जिनमें स्थानीय प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुति देंगी।

# आरोण्यक घोष बने राष्ट्रीय रैपिड शतरंज चैंपियन



**रांची (एजेंसी)।** शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज की राष्ट्रीय चैंपियनशिप इस समय रांची की बिरला विश्वविद्यालय में खेले जा रहे है और पहले दो के 11 राउंड के रैपिड मुक़ाबले के बाद देश को नया रैपिड चैंपियन रेलवे के अरोण्यक घोष के तौर पर मिला है . उन्होंने सर्वाधिक 9.5 अंक बनाते हुए खिताब अपने नाम किया ,2541 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 8 जीत और 3 ड्रा के साथ अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया इस दौरान सातवे से नौवे राउंड के दौरान प्रतियोगिता के शीर्ष तीन वरीय खिलाड़ी अभिमन्यु पौराणिक , मुरली कार्तिकेयन और मित्रभा गुहा पर उनकी जीत नें उनके लिए खिताब की राह आसान बना दी और अंतिम दोनों राउंड उन्होंने सम्हलकर खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 9 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर तमिलनाडु के मुरली कार्तिकेयन दूसरे और हरि माधवन तीसरे स्थान पर रहे । देश भर से कुल 11 ग्रैंड मास्टर्स समेत कुल 219 खिलाड़ियों नें इसमें प्रतिभागिता की जिसमें कुल 55 टाइटल खिलाड़ी थे ।

# युवराज से पावर हिटिंग सीख रहे ऋषभ पंत

## आईपीएल से पहले स्टांस बदला, पिछले सीजन में 269 रन ही बना सके थे

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत अब युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में युवराज की निगरानी में बड़े-बड़े शॉर्ट खेलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस वीडियो में युवराज सिंह उनकी तकनीक को ध्यान से देख रहे हैं। इतना ही नहीं, वे उन्हें बल्लेबाजी से जुड़े सुझाव भी देते नजर आ रहे हैं। पंत के लिए आईपीएल का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। वे एक शतकीय पारी के बावजूद महज 269 रन ही बना सके थे।

**लेफ्टी बॉलर्स के खिलाफ स्टांस बदला-** इस ट्रेनिंग सेशन में पंत ने ओपन स्टांस लिया यानी कि वे बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़े खुले पैरों के साथ बैटिंग करते दिखे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें ऑफ-साइड में बड़े शॉट खेलने और बेहतर एंगल कवर करने में मदद मिलेगी। पंत चोट से वापसी कर रहे हैं।

### युवाओं के मेंटर बन चुके हैं युवराज

युवराज सिंह पिछले कुछ वर्षों में युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मेंटर साबित हुए हैं। उन्होंने शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी है। इन खिलाड़ियों ने युवराज के साथ अभ्यास के बाद टी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पंत से पहले खराब फॉर्म से गुजर रहे संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मदद ली थी।

● कुलदीप यादव की शादी में रिंकू सिंह-युजवेंद्र चहल मसूरी पहुंचे

# बोले- भाई की शादी, फुल डांस होगा

## शाम को संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित

**मसूरी (एजेंसी)।** कुलदीप यादव की शादी को लेकर मसूरी में समारोह शुरू हो चुके हैं। सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे के बाद खत्म हुई। इसके बाद मेहमानों ने खास दावत का आनंद लिया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा है।

हल्दी के बाद समारोह में डांस और मस्ती का दौर शुरू हो गया। इससे पहले ही क्रिकेट और मनोरंजन जगत की कई हस्तियां मसूरी पहुंच चुकी थीं। इसके अलावा रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, कैलाश खेर और बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंचे हैं।

क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ नजर आए। वहीं, युजवेंद्र चहल ने कहा कि भाई की शादी है, फुल डांस होगा। भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंच चुके हैं। वहीं, शाम तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को शादी समारोह में सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**बचपन की दोस्त से शादी कर रहे कुलदीप-** मसूरी में होने वाली इस शादी को लेकर होटल और आसपास के इलाकों में खास तैयारियां की गई हैं। अभी होटल में कुलदीप यादव के दोस्त मस्ती और डांस कर रहे हैं। कुलदीप अपनी मंगेतर और बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। यह रॉयल वेडिंग उत्तराखंड के मसूरी स्थित आलीशान आईटीसी सेवॉय होटल में हो रही है। शादी के कार्यक्रम 12 मार्च से शुरू हुए थे, जो 14 मार्च तक चलेंगे। डिजिटल इन्विटेशन कार्ड में मेहंदी, हल्दी, संगीत, कॉकटेल और शादी के मुख्य कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की गई है। कुलदीप 12 मार्च को देहरादून पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह कार से मसूरी पहुंचे। होटल के एंट्री गेट पर कुलदीप यादव नाचते और जश्न मनाते हुए नजर आए।



### हल्दी रस्म हुई
### संगीत और कॉकटेल

13 मार्च को सुबह 11 बजे होटल के बीयर गार्डन में हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद शाम 6 बजे सेंट्रल लॉन में ग्रैंड संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित थी।




● **कुलवंश के नाम से ट्रेंड करेगी शादी-** डिजिटल इन्विटेशन कार्ड की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से की गई है। कार्ड को रॉयल और मॉडर्न लुक दिया गया है, जिसमें कुलदीप यादव और वंशिका सिंह के एनिमेटेड अवतार भी नजर आते हैं। कपल ने अपनी शादी के लिए कुलवंश चुना है। यह हैशटैग कुलदीप के नाम के 'कुल' और वंशिका के नाम के 'वंश' को मिलाकर बनाया गया है। माना जा रहा है कि शादी से जुड़े फोटो और वीडियो इसी हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किए जाएंगे।

# ज्वेरेव पहली बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

● एटीपी मास्टर्स के सभी 9 इवेंट्स में आखिरी-4 खेलने वाले पांचवें खिलाड़ी बने

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** ज्वेरेव ने कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ ज्वेरेव एटीपी मास्टर्स-1000 के सभी नौ टूर्नामेंट में सेमीफाइनल खेलने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और एंडी मरे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### बिग फोर के क्लब में शामिल

इस उपलब्धि के साथ ज्वेरेव बिग फोर यानी रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे के चुनिंदा खिलाड़ी क्लब में शामिल हो गए हैं। ज्वेरेव ने कहा,इतिहास में ऐसा करने वाले सिर्फ पांच खिलाड़ियों में शामिल होना मेरे लिए बहुत खास है। यह ऐसी उपलब्धि है जिस पर मुझे गर्व है।



**मास्टर्स खिताब जीत चुके हैं-** ज्वेरेव अब तक नौ में से पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत चुके हैं। हालांकि, वह अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं, जबकि तीन बार फाइनल तक पहुंच चुके हैं।

**सेमीफाइनल में सिनर से मुकाबला-** सेमीफाइनल में ज्वेरेव का मुकाबला इटली के वर्ल्ड नंबर-2 जेनिक सिनर से होगा। सिनर के खिलाफ ज्वेरेव का रिकॉर्ड थोड़ा कमजोर रहा है और वह लगातार पांच मैच हार चुके हैं।


सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन को सिर्फ 66 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया। सिनर अभी तक इंडियन वेल्स का खिताब नहीं जीत पाए हैं और इस साल अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल और कतर ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गए थे।

### क्या है एटीपी मास्टर्स 1000 का 'सेट'

टेनिस में ग्रैंड स्लैम के बाद मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट सबसे प्रतिष्ठित माने जाते हैं। एक साल में कुल 9 ऐसे टूर्नामेंट होते हैं-इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो, मैड्रिड, रोम, कनाडा, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस। इन सभी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचना किसी खिलाड़ी की निरंतरता और उच्च स्तर के प्रदर्शन को दर्शाता है। ज्वेरेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना यह 'सेट' पूरा कर लिया है।

# अल्काराज लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था।



अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा, मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज़्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिंग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की।

# 'धुरंधर 2' की दहाड़ से हिली 'डकैत' की जमीन; बदली अदिवि शेष-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट

फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। जानिए अब 'डकैत' कब दस्तक देगी?

### दर्शकों को 'डकैत' के लिए करना होगा इंतजार

अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### अनुराग कश्यप भी होंगे फिल्म का हिस्सा

मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव का आधिकारिक एलान किया। यह फिल्म अब 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। एक्टर अदिवी सेश ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह जानकारी साझा की है। नई तारीख अनाउंस करते हुए अदिवि ने लिखा, 'गोल्डफिश 10 अप्रैल को। दुनिया भर के थिएटर्स में'। फिल्म में अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की राइटिंग पर भी काम किया है। इस फिल्म में फिल्ममेकर अनुराग कश्यप भी अहम रोल में होंगे।

### अब बॉक्स ऑफिस पर नहीं होगा महाक्लैश

फिल्म 'डकैत' से पहले यश अभिनीत 'टॉक्सिक' की रिलीज डेट में भी बदलाव किया गया है। पहले 'टॉक्सिक' भी 'धुरंधर 2' के साथ ही 19 मार्च को सिनेमाघरों में सजने वाली थी। मगर, 'टॉक्सिक' अब जून 2026 तक आगे बढ़ गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर 2' से 'टॉक्सिक' और 'डकैत' के बॉक्स ऑफिस क्लैश पर दर्शकों की निगाह टिकी थी।



# प्रियंका चोपड़ा ने बताई बॉलीवुड छोड़ने की वजह, ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग से मिली प्रेरणा

खराब माहौल में रहना पसंद नहीं करती। यह कहना है एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा का, जिन्होंने हाल ही में बताया कि आखिर उन्होंने बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड का रुख क्यों किया। प्रियंका ने कहा कि वह भी ऐश्वर्या राय बच्चन और अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कलिंग की तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना चाहती थीं और इसी वजह से उन्होंने नए मौके तलाशने का फैसला लिया। प्रियंका ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने महज 18 साल की उम्र में फिल्मों में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म तमिल भाषा की थी, जिसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार विजय नजर आए थे। प्रियंका ने बताया कि उस समय उन्हें पहली बार स्टारडम की असली ताकत देखने को मिली थी, जब विजय को देखने के लिए सेट पर भारी भीड़ जुट जाती थी।

प्रियंका के मुताबिक, करियर की शुरुआत में उन्हें लगता था कि फिल्म इंडस्ट्री का मतलब सिर्फ फेम और लोकप्रियता हासिल करना है। लेकिन समय के साथ उनका नजरिया बदला और उन्होंने समझा कि एक्टिंग सिर्फ शोहरत नहीं, बल्कि एक गंभीर कला भी है। उन्होंने कहा कि अब तक वह करीब 70 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और हर प्रोजेक्ट से उन्हें नया अनुभव मिला है। एक्ट्रेस ने यह भी स्वीकार किया कि एक समय ऐसा आया जब उन्हें बॉलीवुड में खुद को सीमित महसूस होने लगा था। उन्हें लगा कि अगर वह एक ही जगह पर रुक गईं तो नए अवसर नहीं मिल पाएंगे। इसी सोच ने उन्हें हॉलीवुड में किस्मत आजमाने के लिए प्रेरित किया।

प्रियंका ने कहा कि उस दौर में अंतरराष्ट्रीय फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में भारतीय कलाकारों की मौजूदगी बहुत कम थी। हालांकि ऐश्वर्या राय बच्चन और मिंडी कलिंग जैसी हस्तियां ऐसी थीं जिन्होंने ग्लोबल लेवल पर अपनी पहचान बनाई। प्रियंका के लिए यह उदाहरण प्रेरणा की तरह था कि भारतीय कलाकार भी दुनिया के मंच पर अपनी जगह बना सकते हैं। प्रियंका का मानना है कि जीवन में कई बार कठिन हालात आते हैं, लेकिन उन परिस्थितियों में फंसे रहना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर इंसान लंबे समय तक खराब माहौल में रहता है तो वह उसे सामान्य मानने लगता है, इसलिए समय रहते बदलाव करना जरूरी होता है। आज प्रियंका हॉलीवुड और बॉलीवुड दोनों में सक्रिय हैं और एक ग्लोबल स्टार के तौर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

## अभिनेत्री हंसिका मोटवानी का हुआ तलाक, चार साल में टूटी शादी

सेलेब्रिटीज के तलाक की लिस्ट में अब एक नाम अभिनेत्री हंसिका मोटवानी का भी जुड़ गया है। हंसिका का पति सोहेल कथूरिया से तलाक हो गया है। काफी वक्त से उनकी शादी में दरार की खबरें आ रही थीं। अब इस पर मुहर लग गई है। मुंबई की बांद्रा कोर्ट ने हंसिका और सोहेल का तलाक फाइनल कर दिया है। दोनों की शादी सिर्फ चार साल तक ही चल सकी।

**2022 में हुई थी शादी, आपसी सहमति से हुआ तलाक -** हंसिका ने बिजनेसमैन सोहेल कथूरिया से 4 दिसंबर 2022 को धूमधाम से शादी की थी।

# क्या 'ओह माय गॉड 3' में नजर आएंगी रानी मुखर्जी?

फिल्म 'ओह माय गॉड 3' में अक्षय कुमार एक नए किरदार में वापसी कर रहे हैं। वहीं फिल्म निर्माता कथित तौर पर मुख्य अभिनेत्री की तलाश में हैं। तो क्या इस फिल्म में रानी मुखर्जी को फाइनल नहीं किया गया है?



### 'ओह माय गॉड 3'

अक्षय कुमार 'ओह माय गॉड' की फ्रैंचाइजी में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'ओह माय गॉड 2 के बाद अब तीसरी फिल्म की नई कहानी तैयार हो रही है। यह फिल्म हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित होगी। अक्षय कुमार फिर से डायरेक्टर अमित राय के साथ काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग 2026 के बीच में शुरू होने की उम्मीद है। इसका अस्थायी नाम 'ओह माय गॉडेस' बताया जा रहा है।

### क्या 'ओह माय गॉड 3' का हिस्सा होंगी रानी मुखर्जी

पहले रानी मुखर्जी के बारे में खबरें आई थीं कि वे इस फिल्म में मुख्य महिला भूमिका निभाएंगी। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि रानी को ऑफर मिला था, उन्होंने कहानी सुनी और इच्छुक भी थीं। अक्षय और रानी के बीच अच्छी दोस्ती है, इसलिए दोनों साथ काम करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन वैरायटी इंडिया की एक खबर के अनुसार, रानी मुखर्जी ओह माय गॉड 3 का हिस्सा नहीं हैं। इसलिए फैंस को अक्षय और रानी को साथ देखने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

ओह माय गॉड 3- इस फिल्म में अक्षय कुमार नजर आएंगे, लेकिन अभिनेत्री की तलाश अभी भी जारी है।

हाल ही में रानी मुखर्जी 'मर्दानी 3' में नजर आईं। इसमें उन्होंने पुलिस वाली भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 51 करोड़ रुपये की कमाई की।



## गंदगी में रहना पसंद नहीं...

# प्रियंका चोपड़ा

## ने बताई बॉलीवुड छोड़ने की वजह

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने साल 2015 में 'क्वांटिको' के साथ हॉलीवुड में अपना सफर शुरू किया था. अब लगभग एक दशक बाद ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपनी की पहचान बनाने के बाद एक्ट्रेस ने हाल ही में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री से दूरी बनाने की वजह पर बात की. प्रियंका ने अपने करियर के पीक पर इंडिया में टेंशन भरे रिश्तों को संभालने के बारे में खुलकर बात की. उस दौर के बारे में बताते हुए प्रियंका ने कहा कि उन्हें गंदगी में रहना पसंद नहीं है. प्रियंका ने दो एक्ट्रेसेस का नाम भी लिया, जिनकी वजह से उन्हें हॉलीवुड में करियर बनाने के लिए मोटिवेट किया.

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में हाल अमांडा हिर्श के 'नॉट स्किनी बट नॉट फैट' पॉडकास्ट में शिरकत की. इसी दौरान उन्होंने हॉलीवुड में जाने के अपने फैसले के बारे में बात की. इसी बातचीत में प्रियंका ने अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए खुलासा किया कि करियर के पीक के दौरान उनके बॉलीवुड में कुछ रिश्ते अच्छे नहीं थे. इसी के चलते एक्ट्रेस ने हॉलीवुड की ओर रुख करने का फैसला किया था.



**ऐश्वर्या राय से मिली इंसपिरेशन**

जब उनसे पूछा गया कि अमेरिकन फिल्म इंडस्ट्री में काम करने का मन क्यों किया, तो प्रियंका ने कहा, जब मैं इंडिया में काम कर रही थी, तो मुझे लिमिटेड महसूस होने लगा मैं देखना चाहती थी कि वहां और क्या है. मिंडी कलिंग और ऐश्वर्या राय के अलावा, हॉलीवुड में बहुत कम फीमेल या मेल इंडियन एक्टर थे. मुझे लगा कि हमें वो रिप्रेजेंटेशन क्यों नहीं मिलता. इससे मुझे खुद को अमेरिका में 9ह्लद्ध क्लास में पढ़ने वाली लड़की जैसा महसूस हुआ, जहां कोई भी मेरे जैसा नहीं दिखता मैंने उस समय इसके बारे में (ज्यादा) नहीं सोचा. लेकिन हॉलीवुड में काम ढूंढना शुरू करने वाले किसी व्यक्ति के तौर पर, मैंने सोचा कि मैं कहां खड़ी हूं? मैं कैसे शुरू करूं? ये चाहने और ये देखने की जरूरत से आया कि वहां क्या पॉसिबिलिटीज हैं.

## 'धुरंधर 2' में उस मोड़ पर दिखेंगी

# यामी गौतम

## जहां से बदल जाएगी पूरी पिक्चर!



रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' रिलीज़ से पहले ही हर तरफ छाई हुई है. पेड प्रिव्यूज के एडवांस बुकिंग में फिल्म दमदार कमाई कर रही है. साथ ही हर कोई इस फिल्म की ही चर्चा कर रहा है. धुरंधर पार्ट 1 देखने के बाद अब दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतज़ार है. खास बात ये है कि दूसरे पार्ट में 'धुरंधर 2' के निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम भी दिखाई देंगी. यामी फिल्म में एक अहम कैमियो रोल में नज़र आने वाली हैं. लंबे वक्त से उनके कैमियो के बारे में बात हो रही थी. अब पता चला है कि वो फिल्म में एक अहम मोड़ पर एंट्री लेंगी.




बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि यामी गौतम 'धुरंधर 2' का हिस्सा हैं. बताया गया है कि यामी फिल्म में हॉस्पिटल के एक सीक्वेंस में नज़र आएंगी. उनका कैमियो कहानी का अहम हिस्सा होगा. कई बार सितारों का कैमियो ऐसा होता है कि पता ही नहीं चलता कि कब शुरू हुआ और कब खत्म हो गया. पर यामी के साथ ऐसा नहीं होगा. बल्कि उनका किरदार एक अहम मोड़ पर फिल्म के नैरेटिव को आगे बढ़ाने का काम करेगा.

**यामी कर चुकी हैं 'धुरंधर 2' की तारीफ**

धुरंधर की रिलीज़ से पहले यामी गौतम ने फिल्म की जमकर तारीफ की थी और दावा किया था कि ये ऐसी फिल्म है, जो सिनेमा के नजरिए को बदल देगी. ऐसा ही कुछ उन्होंने 'धुरंधर 2' को लेकर भी कहा. हाल ही में एक इवेंट में पहुंची यामी ने पार्ट 2 पर कहा कि ये फिल्म असाधारण से भी अलग है. उन्होंने कहा कि वो इस फिल्म को देखते वक्त इमोशनल हो गई थीं.

**'धुरंधर 2' तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड ?**

धुरंधर के पहले पार्ट ने दुनियाभर में 1300 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था. भारत में ही फिल्म ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी. पर जिस तरह का क्रेज़ इसके दूसरे पार्ट को लेकर है, उससे साफ है कि ये पहले पार्ट से भी ज्यादा की कमाई करने वाली है. मेकर्स ने रिलीज़ से एक दिन पहले 18 मार्च को पेड प्रिव्यूज़ रखा है, जिसके लिए दमदार एडवांस बुकिंग की जा रही है. 11 मार्च शाम 5 बजे तक फिल्म के 3 लाख 69 हजार 741 टिकटों की बुकिंग हो चुकी है.

## कौन हैं गौरव कपूर की पहली पत्नी कीरत भट्टल? 42 की उम्र में भी कमाल की है फिटनेस




क्रिकेट होस्ट गौरव खन्ना और टीवी की फेमस एक्ट्रेस कृतिका कामरा शादी के बंधन में बंध गए हैं. कपल ने बांद्रा स्थित अपने घर में एक निजी समारोह में शादी की. गौरव कपूर और कृतिका कामरा की शादी की खबरें सामने आते ही गौरव की एक्स वाइफ कीरत भट्टल भी चर्चाओं में आ गई हैं. गौरव कपूर ने साल 2014 में कीरत भट्टल से शादी की थी. लेकिन 7 साल बाद दोनों अलग हो गए थे. आइए जानते हैं कौन हैं कीरत भट्टल और कपल का तलाक क्यों हुआ था.

गौरव कपूर और कीरत भट्टल ने 4 नवंबर 2014 को शादी की थी. रिपोर्ट्स की मानें तो कीरत और गौरव पहली बार 2012 में मिले थे. इसके बाद दोनों की एक दूसरे से मुलाकात होती रही और धीरे-धीरे प्यार परवान चढ़ने लगा. दोनों ने लंबे वक्त तक एक दूसरे को डेट किया और फिर 2014 में एक ग्रैंड पंजाबी वेडिंग में शादी कर ली. हालांकि, दोनों की शादी ज्यादा लंबी नहीं चल पाई थी.

**कौन हैं कीरत भट्टल ?**

गौरव कपूर की पहली पत्नी कीरत भट्टल जानी-मानी एक्ट्रेस और मॉडल हैं. कीरत भट्टल ने तमिल सिनेमा में अपनी एक्टिंग से पहचान बनाई. चंडीगढ़ की रहने वाली कीरत भट्टल ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले कई ऐड के लिए काम भी किया था. कीरत भट्टल ने तमिल और कन्नड़ फिल्मों में काम किया है. कीरत को पहचान कन्नड़ फिल्म 'गेलेया' से मिली, जिसमें प्रज्वल देवराज संग वो लीड रोल में नजर आईं और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी.

'गेलेया' के बाद कीरत को 'संतोष सुब्रमण्यम' में देखा गया था. वहीं, धनुष के साथ भी कीरत ने 'देसिया नेदुंचलाई 47' फिल्म साइन की थी, लेकिन प्रोडक्शन में तीन महीने की देरी के कारण फिल्म की शूटिंग कभी नहीं हो पाई. फिल्मों के अलावा, कीरत भट्टल टीवी, ट्रैवल और लाइफस्टाइल पर भी काम करती हैं. 2013 में आए शो 'लाइफ में एक बार ङ्क व्हेन एंजल्स डेयर' को कीरत ने होस्ट किया था.

गौरव और कीरत का साल 2021 में तलाक हो गया था. खबर थी कि उन्होंने आपसी सहमति से तलाक ले लिया था और दोनों अलग हो गए थे. हालांकि, उनके अलग होने की कोई खास वजह कभी सामने नहीं आई.गौरव कपूर से अलग होने के बाद कीरत लाइमलाइट से दूर चली गईं.

## जीत के 3 महीने बाद भी 'खाली हाथ' हैं गौरव खन्ना? न पैसे मिले न कार, जानें क्या है रियलिटी शो का 'पेमेंट' रूल




टीवी के सबसे चहेते एक्टर्स में से एक और 'अनुपमा' फेम गौरव खन्ना ने दिसंबर 2025 में 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया था. लेकिन हाल ही में उनके एक खुलासे ने सबको चौंका दिया. एक यूट्यूब व्लॉग (Vlog) के दौरान जब एक फैन ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें शो में वादा की गई कार और 50 लाख रुपये मिल गए हैं, तो गौरव का जवाब था, सच बोलूं तो अभी तक नहीं मिले हैं. एक साल पहले बिग बॉस जीतने के बाद करणवीर ग्रोवर ने एल्विश यादव के साथ किए पॉडकास्ट में बताया था कि उन्हें भी जीती हुई रकम नहीं मिली है.

ग्रैंड फिनाले में सलमान खान के हाथों भारी-भरकम 50 लाख का चेक लेते हुए गौरव की तस्वीरें वायरल हुई थीं. लेकिन असलियत ये है कि वो चेक महज एक 'प्रॉप' (दिखावे का मोहरा) होता है. गौरव ने बताया, फ्रैंकली, ये सब आने में थोड़ा समय लगता है. एक पूरा प्रोसेस होता है, जिसे कंपनी फॉलो करती है. गौरव ने आगे हंसते हुए कहा कि वो टीवी इंडस्ट्री के बंदे हैं और यहां 'पेमेंट डिले' (देरी) होना कोई नई बात नहीं है. उन्होंने फैंस को भरोसा दिलाया कि पैसे कहीं नहीं जाएंगे, बस इंटरनल ऑडिट और कागजी कार्यवाही के कारण इसमें वक्त लग रहा है.

**क्यों होती है पेमेंट में देरी ? जानिए २ बड़े कारण**

रियलिटी शोज के कॉन्ट्रैक्ट्स बहुत पेचीदा होते हैं और सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गौरव खन्ना या एक साल पहले विनर बने करणवीर मेहरा की पेमेंट रुकने के पीछे ये तकनीकी कारण हो सकते हैं-

1. इंटरनल ऑडिट और 90 दिनों का नियम- ज्यादातर प्रोडक्शन हाउस और चैनल्स का नियम होता है कि किसी भी बड़ी राशि का भुगतान शो खत्म होने के 90 से 120 दिनों के बाद किया जाता है. कंपनी पहले अपने इंटरनल ऑडिट (जांच-पड़ताल) पूरे करती है, जिसके बाद ही फंड रिलीज होता है.
2. नहीं मिलेंगे पूरे पैसे (टीडीएस रूल)- अगर गौरव ने 50 लाख रुपये जीते हैं, तो उनके हाथ में पूरे 50 लाख नहीं आएंगे. इनकम टैक्स की धारा के तहत, गेम शो या रियलिटी शो की जीत पर सीधा 30त्न टैक्स (प्लस सरचार्ज) कटता है. यानी 50 लाख में से करीब 15.60 लाख रुपये सरकार के खाते में जाएंगे और गौरव को लगभग 34.40 लाख रुपये ही मिलेंगे. इस कागजी कार्यवाही में भी समय लगता है.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में छह साल की बच्ची से पिता कर रहा था अश्लील हरकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुराड़ी इलाके में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। छह साल की बच्ची के साथ उसका पिता ही अश्लील हरकत कर रहा था। इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाने पर बच्ची से पूछताछ में डॉक्टर को इस बात की जानकारी मिली, जिसके बाद अस्पताल से ही पुलिस को घटना के बारे में सूचना दे दी गई। पुलिस ने बच्ची मां की शिकायत पर पिता के खिलाफ दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित बच्ची परिवार के साथ बुराड़ी इलाके में रहती है और पास के एक निजी स्कूल में एलकेजी में पढ़ती है। कुछ दिन पहले बच्ची ने पहले अपनी मां को आपबीती बताते हुए पिता द्वारा अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया था, जिसके मां ने उसे पिता से दूर रहने के लिए कहा था। इस बीच छह मार्च को बच्ची को परेशानी आने पर उसकी मां उसे लेकर चाचा नेहरू अस्पताल पहुंची। डॉक्टर द्वारा पूछताछ में बच्ची ने पिता पर गंदी हरकत करने की बात कही, जिसके बाद भेज खुल गया। अस्पताल से तुरंत पुलिस को इस मामले की सूचना दे दी गई।

### एशरमैन सिंड्रोम से पीड़ित 2 महिलाओं ने दिया स्वस्थ बच्चों को जन्म

**नई दिल्ली।** प्रजनन उपचार के क्षेत्र में सर गंगाराम अस्पताल के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। अस्पताल के विशेषज्ञों ने गंभीर एशरमैन सिंड्रोम से पीड़ित दो महिलाओं का नाल से प्राप्त मेसेनकाइमल स्टेम सेल की मदद से सफल उपचार कर उन्हें मां बनने में मदद की। उपचार के बाद दोनों महिलाओं ने दो स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया। यह उपचार अस्पताल के आईवीएफ एवं मानव प्रजनन केंद्र द्वारा चल रहे एक परीक्षण के तहत किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार एशरमैन सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिला के गर्भाशय के अंदर घाव बन जाते हैं। इसके कारण गर्भाशय सिकुड़ जाता है और महिला के लिए गर्भधारण करना कठिन हो जाता है। यह समस्या अधिकतर गर्भपात के बाद की सफाई, संक्रमण या सर्जरी के कारण हो सकती है। सर गंगाराम अस्पताल एवं मानव प्रजनन केंद्र की निदेशक डॉ. आभा मजूमदार ने बताया कि इस उपचार में महिला की नाल से प्राप्त मेसेनकाइमल स्टेम सेल को गर्भाशय की भीतरी परत के नीचे इंजेक्शन के रूप में दिया गया। इससे गर्भाशय की क्षतिग्रस्त परत के दोबारा बनने में मदद मिली और गर्भधारण संभव हो सका। डॉ. आभा मजूमदार के अनुसार यह तकनीक भविष्य में उन महिलाओं के लिए मातृत्व की नई उम्मीद बन सकती है, जिन्हें एशरमैन सिंड्रोम या गर्भाशय की अंदरूनी परत से जुड़ी गंभीर समस्याओं के कारण गर्भधारण में कठिनाई होती है।

### कालाबाजारी पर नकेल, रेस्तरां और गैस एजेंसियों की होगी कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रसोई गैस (एलपीजी) की कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। संजीव कुमार द्वारा गुरुवार को जारी नए सर्कुलर के अनुसार, अब घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग और अवैध जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। एलपीजी बुकिंग और वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं: वे अपने अधीन आने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों (एफएसओ) को सभी गैस एजेंसियों, गोदामों और रिफिलिंग केंद्रों की नियमित निगरानी करने के लिए तैनात करें। व्यावसायिक केंद्रों, विशेष रूप से बड़े रेस्तरां और भोजनालयों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच के लिए अधिकारियों को बार-बार औचक निरीक्षण करने को कहा गया है। इस अभियान की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को रोजाना की कार्यवाही की रिपोर्ट फ्यूल ब्रांच (मुख्यालय) को सौंपनी होगी।

# दिल्ली में एलपीजी संकटः 70% रेस्तरां प्रभावित, शादियों और फूड डिलीवरी पर भी असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** व्यावासयिक ईंधन की आपूर्ति प्रभावित होने से दिल्ली के 70 प्रतिशत रेस्तरां का संचालन प्रभावित है। दिल्ली में 50 हजार से अधिक रेस्तरां, बार, पब है। रेस्तरां संचालन के जानकारों के अनुसार, इसमें से 70 प्रतिशत का कामकाज एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने से प्रभावित है। उनमें से दो से ढाई हजार रेस्तरां ऐसे हैं, जो सिलिंडर की उपलब्धता के अनुसार, कभी खुल तो कभी बंद हो रहे हैं। जबकि, दो हजार से अधिक ने या तो दोपहर या रात्रि में ही रसोई का संचालन सीमित किया हुआ है। जबकि, बार संचालक रात्रि सेवा को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। इसी तरह, अधिक समय में पकने वाले व्यंजनों को अपने मेन्यू से हटा दिया है। साथ ही व्यंजनों की दरें बढ़ा दी है। नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष मनप्रीत सिंह के अनुसार,व्यावसायिक सिलेंडरों की अनुपलब्धता के चलते रेस्तरां संचालक काफी मुश्किल में हैं। किसी प्रकार सिलिंडर का जुगाड़ कर उसे चलाने की कोशिश में है। लेकिन हालात में सुधार नहीं आ रहा है। उधर, व्यावसायिक ईंधन की कमी के चलते शादी समेत अन्य समारोह को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। क्योंकि, कैटरर्स नई बुकिंग लेने से मना करने लगे हैं। पहले से बुकिंग के लिए लकड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। कैटरर्स प्रवीण कश्यप के अनुसार, इस वक्त स्थिति काफी विषम है। सिलिंडर की अनुपलब्धता है। इसलिए या तो इसे आयोजक पक्ष मुहैया कराए तब तो ठीक है। अन्यथा नई बुकिंग नहीं ले रहे हैं। चांदनी चौक के व्यापारी श्रीभगवान बंसल ने बताया कि इसके चलते अब शादियों की तिथि आगे रखने पर वर-वधु पक्ष द्वारा जोर दिया जा रहा है। वैसे, दो-तीन से जारी इस संकट का असर रेस्तरां कर्मचारियों के भविष्य पर नहीं पड़ा है, लेकिन आगे क्या होगा, इसे लेकर वह चिंतित हैं। एक कर्मचारी राजेश ने कहा कि रेस्तरां का काम




काफी सीमित हो गया है। ऐसे में उन्हें वेतन मिलेगा कि नहीं, उसे लेकर अनिश्चित हैं।

**60 प्रतिशत से अधिक घटी फूड डिलीवरी:** इस बीच, फूड डिलीवरी के मामलों में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। रेस्तरां, ढाबे, क्लाउड कीचन समेत व्यंजनों के अन्य आउटलेट्स ने व्यावसायिक सिलिंडरों की किल्लत के चलते बुकिंग में काफी कमी की है। ऐसे में एक ओर जहां लोगों को समय पर पसंदीदा व्यंजन नहीं मिल पा रहा है। फूड डिलीवरी ऑनलाइन प्लेटफार्म कंपनियों की आय में जबरदस्त गिरावट आई है। वहीं, उससे जुड़े गिग वर्कर की आय में भारी कमी आई है। गिग एंड प्लेटफार्म सर्विस वर्कर्स यूनियन (जीआइपीएसडब्ल्यूयू) ने इस मामले में श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से हस्तक्षेप की मांग करते हुए हर गिग वर्कर को 10 हजार रुपये आपात सहायता मुहैया कराने की मांग की है।

**चाय-समोसे के लिए भी भटक रहे लोग**

स्थिति यह कि बृहस्पितवार को कई इलाकों में चाय व नाश्ते की दुकानें भी बंद करनी पड़ी है। ऐसे में लोगों को वापस निराश लौटना पड़ा और दूसरे दुकान की तलाश में भटकते दिखे। आइटीओ, बाराखंभा, निर्माण भवन समेत अन्य जगह यह तस्वीर देखने को मिली।

**इंडक्शन चूल्हों की मांग 100 प्रतिशत तक बढ़ी:** किल्लत से बचने के लिए उद्योग के साथ ही आम उपभोक्ताओं में इंडक्शन चूल्हों तथा उससे संबंधित बर्तनों की मांग में बढ़ोत्तरी हुई है। बाजार से जुड़े लोगों के अनुसार, इंडक्शन की मांग तथा पूछताछ में 100 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। होटल, रेस्तरां से लेकर घरेलू इंडक्शन की मांग हो रही है। इसी तरह, करोलबाग, राजेंद्र नगर दिल्ली के कई इलाकों में स्थित पीजी में कैंटीन भी एलपीजी की अनुपलब्धता के चलते बंद होने लगे हैं। जबकि, बाहर भी रेस्तरां में स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में यहां रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र तथा नौकरीपेशा युवा चाय, नाश्ते के साथ भोजन के लिए परेशान होने लगे हैं।

# दिल्ली- एनसीआर वालों को बढ़ती गर्मी से मिलेगी राहत

## बारिश की फुहारों से गिरेगा तापमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में असामान्य गर्मी का दौर जारी है और तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को इसमें राहत मिल सकती है। रविवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार से रविवार के बीच पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली सहित एनसीआर में आंशिक बादल छाने के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। इसके चलते तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल अगले दो दिनों तक हल्की गर्मी बनी रह सकती है, लेकिन 15 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर मौसम का मिजाज बदल सकता है। इस बीच 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच अधिकतम तापमान दर्ज किया जा सकता है। इस बीच गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 3.1 डिग्री अधिक है। शुक्रवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। गुरुवार की अपेक्षा शुक्रवार को भी तापमान में कमी दर्ज की जा सकती है। 33 से 35 और न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दूसरी तरफ पिछले छह दिनों से दिल्ली की हवा लगातार ''खराब'' श्रेणी में बनी हुई है।



## आरती सिंह राव के प्रयास से अटेली में बनेगा कॉलेज का नया भवन-विजय सिंह

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौगड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा अटेली क्षेत्र में विकास की गति प्रदान करने व उनके प्रयासों से अटेली के राजकीय महाविद्यालय के नए भवन के निर्माण का रास्ता साफ हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों से राजकीय महाविद्यालय अटेली में नियमित कक्षाओं के लिए पर्याप्त भवन नहीं होने के कारण कई बार कक्षाएं बाहर या अस्थायी व्यवस्था में लगानी पड़ रही थीं। जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता से लिया और संबंधित विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके बाद कॉलेज के नए भवन के निर्माण की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नए भवन के बनने से विद्यार्थियों को बेहतर



कक्षाएं, आवश्यक सुविधाएं और पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मंत्री का धन्यवाद करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी अटेली क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे ही प्रयास जारी रहेंगे।

# सड़क निर्माण में देरी से ग्रामीणों में रोष, विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।

रायपुर अहिरान से राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सातोंर तक चल रहें सड़क निर्माण कार्य में लंबे समय से देरी होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की लापरवाही के चलते करीब दो महीने से सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे विद्यार्थियों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं और खराब सड़क के कारण उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। वहीं किसानों का आरोप है कि सड़क



निर्माण के दौरान जेसीबी से उनकी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार विभागीय अधिकारियों से कई बार दूरभाष पर संपर्क करने पर भी केवल लेबर की कमी का हवाला देकर कार्य को टाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि विभाग को काम में इतनी देरी करनी थी तो उनकी फसल कुछ समय बाद काटी जाती, जिससे उन्हें फसल का कुछ आर्थिक लाभ मिल पाता। ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है। उनका कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

# ईरान का दावा- इराक में मार गिराया अमेरिकी रिफ्यूलिंग विमान, अमेरिका ने नकारा

**बगदाद, एजेंसी।** ईरान के सरकारी मीडिया ने ईरान के सैन्य केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता का हवाला देते हुए दावा किया है कि पश्चिमी इराक में सक्रिय विद्रोही गुटों ने अमेरिका के एक सैन्य विमान को मिसाइल से मार गिराया है। यह विमान एक रिफ्यूलिंग विमान था। प्रेस टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में विमान में सवार सभी छह सैनिकों की मौत हो गई है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के जनसंपर्क विभाग ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में कहा गया कि रेजिस्टेंस फ्रंट के एयर डिफेंस सिस्टम ने बोइंग चष्ट-135 स्ट्रैटोटैंकर को उस समय निशाना बनाया, जब वह एक लड़ाकू विमान में ईंधन भर रहा था। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने विमान के गिरने की बात तो मानी है, लेकिन किसी भी तरह



के हमले से साफ इनकार किया है। अमेरिकी सेना ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान उनका एक बोइंग चष्ट-135 विमान इराक के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी कि यह घटना मित्र देश के हवाई क्षेत्र में हुई। इस अभियान में दो विमान शामिल थे। इनमें से एक विमान पश्चिमी इराक में गिर गया, जबकि दूसरा विमान सुरक्षित उतरने में कामयाब रहा। अमेरिकी सेना ने स्पष्ट किया कि यह हादसा किसी दुश्मन की गोलीबारी की वजह से नहीं हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मौके पर बचाव कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे स्थिति साफ होगी, और जानकारी दी जाएगी। सेना ने सैनिकों के परिवारों की निजता का सम्मान करने और धैर्य बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान के साथ चल रहे हालातों पर अपनी बात रखी। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने अमेरिकी सेना की ताकत की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि हमारी सेना जैसी दुनिया में कोई दूसरी ताकत नहीं है। ट्रंप ने संकेत दिया कि उनकी सरकार अब वे कदम उठा रही है, जो दशकों पहले उठाए जाने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि उनके पहले कार्यकाल में सेना को मजबूत करने के लिए जो काम किए गए, उसी का नतीजा है कि आज अमेरिकी सेना इतनी मजबूती से काम कर रही है। सेना पर इतनी निर्भरता बढ़ेगी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हालातों को देखते हुए मजबूत सेना बहुत जरूरी हो गई है।

## बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ मजबूत शिक्षा जरूरी- प्रदीप सराय

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सरपंच प्रदीप सराय ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ मजबूत शिक्षा



प्रणाली भी समाज के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के प्रयासों से अटेली क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है और क्षेत्र में लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। प्रदीप सराय ने बताया कि मंत्री के विशेष प्रयासों से अटेली के राजकीय महाविद्यालय के नए भवन के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। नए भवन के बनने से विद्यार्थियों को बेहतर कक्षाएं, आधुनिक सुविधाएं और पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मंत्री के प्रयासों से अटेली में बिजली बोर्ड के कार्यकारी अभियंता कार्यालय तथा रेस्ट हाउस खोलने की मंजूरी मिल चुकी है। इन सुविधाओं से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही सेवाएं उपलब्ध होंगी। सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। वहीं आने वाले समय में भी अटेली क्षेत्र में कई नई योजनाएं लागू की जाएंगी।

## युद्ध का पर्यावरण पर बड़ा असरः इस्राइल-गाजा संघर्ष से 3.3 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन, जलवायु संकट का सच

**इजराइल-गाजा, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी इस्राइल-गाजा संघर्ष का असर केवल इंसानों और अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं है। इस युद्ध का पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। एक नए अध्ययन में सामने आया है कि इस संघर्ष से अब तक लगभग 3.3 करोड़ मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन हो चुका है। अध्ययन के अनुसार यह मात्रा इतनी बड़ी है कि इसे जॉर्डन के पूरे साल के कार्बन उत्सर्जन के बराबर माना जा सकता है। इतना ही नहीं, यह लगभग 76 लाख कारों से एक साल में निकलने वाले धुएं के बराबर है। इसके अलावा यह उतनी कार्बन मात्रा के बराबर है जितनी 3.31 करोड़ एकड़ जंगल एक साल में अवशोषित कर सकते हैं। इस विषय पर एक विस्तृत अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल वन अर्थ में प्रकाशित हुआ है। इस शोध को लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी और क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं ने मिलकर तैयार किया है। शोध में युद्ध से जुड़े विभिन्न स्त्रोतों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अध्ययन के अनुसार केवल सक्रिय सैन्य अभियानों से ही 13 लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। इसमें तोपखाने, रॉकेट, मिसाइल और अन्य सैन्य उपकरणों के इस्तेमाल से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसें शामिल हैं।

# ईरान की आग लगाने की धमकी से दहला तेल बाजार

## ट्रंप भी हो गए सतर्क, सभी देशों को रूसी तेल खरीद पर दी अस्थायी ढील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया इन दिनों बारूद के ढेर पर खड़ा है। पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण सैन्य टकराव ने पूरी दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा को हिला कर रख दिया है। हालात तब और भड़क उठे जब ईरान ने खुलेआम चेतावनी दे डाली कि उसके ऊर्जा ठिकानों पर हमला हुआ तो वह पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग के हवाले कर देगा। इस धमकी ने वैश्विक तेल बाजार में हड़कंप मचा दिया है और सप्लाई ठप पड़ने का डर और गहरा गया। इसी बढ़ते संकट के बीच अब अमेरिका ने अचानक रुख बदलते हुए दूसरे देशों को रूसी तेल खरीदने के लिए अस्थायी मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी



वित्त मंत्रालय ने नोटिस जारी कर जानकारी दी कि 12 मार्च को सुबह 12.01 बजे या उससे पहले जहाजों पर लादे गए रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों से संबंधित लेनदेन की अनुमति दी गई है, और यह आदेश 11 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला उस समय आया है जब बीते 14 दिनों से अमेरिका और इस्राइल का ईरान पर जारी भीषण हमला और जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान की ओर से इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर की जा रही बमबारी ने पूरे पश्चिम एशिया में तनाव को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है, जिसके चलते दुनियाभर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं।

अमेरिका के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि यह कदम वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने और तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए उठाया गया है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के जल्द खत्म होने के संकेत भी नहीं मिल रहे हैं, इसलिए तेल आपूर्ति को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

बता दें कि इससे पहले अमेरिका भारत को भी इसी तरह की छूट दे चुका है। 5 मार्च को अमेरिका ने भारत को 30 दिनों की विशेष अनुमति दी थी, जिसके तहत भारत रूस से तेल खरीद सकता है। ट्रंप प्रशासन ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया था ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की सप्लाई बनी रहे और कीमतों पर दबाव कम हो।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए तेजी से फैसले ले रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान से पैदा हो रहे खतरे और अस्थिरता से भी निपटने की कोशिश कर रहा है। बेसेंट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अनुमति सिर्फ उस रूसी तेल पर लागू होगी जो पहले से जहाजों में लोड होकर समुद्र में जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला सीमित समय के लिए है और इससे रूस को बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा, क्योंकि रूस को ऊर्जा से होने वाली ज्यादातर कमाई तेल के उत्पादन के समय लगने वाले टैक्स से मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप सरकार की ऊर्जा नीतियों के कारण अमेरिका में तेल और गैस का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए ईंधन की कीमतें कम रखने में मदद मिली है।अमेरिकी सरकार का कहना है कि फिलहाल तेल की कीमतों में जो बढ़ोतरी हुई है वह अस्थायी है और लंबे समय में इसका फायदा अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मिलेगा। संघर्ष के बीच ईरानी सेना के केंद्रीय ऑपरेशन कमांड खातम अल-अंबिया के प्रवक्ता ने कहा अगर ईरान के ऊर्जा ठिकानों या बंदरगाहों पर हमला हुआ तो हम पूरे क्षेत्र के तेल और गैस ढांचे को आग लगा देंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com